हिन्दी सांध्य दैनिक

प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 178, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 दिसम्बर, 2022 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

पांच वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपये राइट ऑफ किए गए : सीतारमण

वित्त मंत्री ने राज्यसभा में विनियोग विधेयक किया पेश

नई दिल्ली। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्षों में 10,09,511 करोड़ रुपये राइट ऑफ कर दिए हैं और कर्जदारों से बकाया वसूली की प्रक्रिया जारी है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा को यह जानकारी दी। सीतारमण ने कहा कि राइट ऑफ किए गए कर्ज सहित एनपीए (नॉन परफॉर्मिंग एसेट) खातों में रिकवरी एक सतत प्रक्रिया है।

उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान 4,80,111 करोड़ रुपये की ऋण वसूली की है, जिसमें राइट ऑफ किए गए ऋणों के 1,03,045 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। सीतारमण ने प्रश्नकाल के दौरान कहा, "आरबीआई से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्तीय वर्षों के दौरान 10,09,511 करोड़ रुपये की राइट ऑफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि बट्टे खाते में डाले गए ऋणों के कर्जदार पुनर्भुगतान के लिए उत्तरदायी बने रहेंगे और बट्टे खाते में डाले गए ऋण खातों में कर्जदारों से बकाये की वसूली की प्रक्रिया जारी है। सीतारमण ने कहा कि बैंकों ने उपलब्ध विभिन्न वसूली तंत्रों के माध्यम से बट्टे खाते में डाले गए खातों में शुरू की गई वसूली कार्रवाई को जारी रखा है। कार्रवाई में दीवानी अदालतों या ऋण वसूली न्यायाधिकरणों में मुकदमा दायर करना, वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के तहत कार्रवाई, दिवाला और दिवालियापन संहिता के तहत राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण के तहत मामले दर्ज करना आदि शामिल है।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को विनियोग (संख्या 5) विधेयक, 2022 और विनियोग (संख्या 4) विधेयक, 2022 राज्यसभा में पेश किया। यह विधेयक भारत की संचित निधि से और उसमें से कुछ और राशियों के भुगतान व विनियोग को अधिकृत करेगी। विनियोग विधेयक सरकार को वित्तीय वर्ष के दौरान व्यय को पूरा करने के लिए भारत की संचित निधि से धन निकालने की शक्ति देता है।

एस जयशंकर का विपक्ष को दो-टूक राजनीतिक आलोचनाओं का हमेशा स्वागत, सेना का न करें अपमान

नई दिल्ली। देश के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को लोकसभा में कहा कि राजनीतिक आलोचनाओं का हमेशा स्वागत है, लेकिन हमें अपने जवानों का अपमान नहीं करना चाहिए। समचार एजेंसी के मुताबिक, एस जयशंकर ने कहा, 'मैंने सुना है कि विदेश मंत्री के तौर पर मुझे अपनी समझ को और गहरा करने की जरूरत है। गौरतलब है कि जो नेता मुझे यह सलाह दे रहे हैं, उस नेता के सम्मान में मैं नतमस्तक ही हो सकता हूं।' राहुल गांधी ने एस जयशंकर पर किया था हमला- दरअसल, कुछ दिनों पहले भारत जोड़ो यात्रा को 100 दिन पूरे हो जाने के मौके पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संवाददाता सम्मेलन में तावांग में हुए चीनी और भारतीय सेना के बीच झड़प के मामले पर एस जयशंकर को अपनी समझ और बढ़ाने की बात कही थी। एस जयशंकर ने आगे कहा कि हमारे जवानों के लिए 'पिटाई' शब्द का इस्तेमाल नहीं होना चाहिए।

इलाहाबाद विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों का हंगामा, गार्ड पर गोली चलाने का आरोप

प्रयागराज। प्रयागराज स्थित इलाहाबाद विश्वविद्यालय के परिसर में सोमवार दोपहर अचानक छात्र संघ का हुजूम उमड़ पड़ा। छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में एकत्रित होकर जमकर हंगामा किया। उनका आरोप है कि विश्वविद्यालय के गेट पर तैनात गार्ड ने गोली चलाई है। हालांकि इस बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। बताया गया कि छात्र छुट्?टी का दिन होने के बावजूद छात्रों ने छात्र संघ भवन पर बंद ताले को खोलने की कोशिश की। इस दौरान विश्वविद्यालय में तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोकने की कोशिश की तभी दोनों पक्षों में विवाद पनप गया। छात्रों का आरोप है कि गार्डों ने गोलियां चलाई। इसके बाद छात्र भड़क गए। जमकर हंगामा हुआ। सभी छात्रावासों से छात्र विश्वविद्यालय परिसर में उमड़ पड़े और पत्थरबाजी भी की। उधर, सूचना मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंचा और स्थिति को संभालने में जुट गया है। मामले को लेकर हुए तनाव की गंभीरता को देखते मौके पर पुलिस कमिश्नर रमेश शर्मा और अन्य अधिकारी पहुंच गए हैं।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर आपस में भिड़े 5 वाहन तीन की मौत, घटनास्थल पर पहुंचे अखिलेश यादव

औरैया। सर्दियां शुरू हो गई हैं और साथ ही कोहरे ने अपना कोहराम मचाना भी शुरू कर दिया है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर ऐरवाकटरा क्षेत्र के गांव उमरैन समीप सोमवार तड़के कोहरे का पहला कहर देखने को मिला। एकाएक धुंध के चलते पांच वाहन आपस में भिड़ गए। दर्दनाक हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम व पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। इसके बाद राहत व बचाव के कार्य शुरू किया गया। घायलों को तिर्वा मेडिकल कालेज भेजा गया है। सोमवार तड़के कोहरे की धुंध के चलते विजबिलिटी लगभग शून्य थी।

इसी दौरान उमरैन गांव समीप एक्सप्रेसवे पर धीरे-धीरे चल रहे ट्रक के पीछे स्लीपर बस जा टकराई। इसके पीछे से आ रही अल्टो कार भी जा भिड़ी। वहीं पीछे से आ रहा एक ट्रक क्षतिग्रस्त वाहनों से बचने के चक्कर में डिवाइडर से जा टकराया। हादसा यहीं तक नहीं थमा। पीछे से आ रही एक और स्लीपर बस डिवाइडर से सटे खड़े क्षतिग्रस्त ट्रक से जा भिड़ी। बारी-बारी से टकराते वाहनों के बीच बसों व अन्य वाहनों में सवार लोग बचने के लिए एक्सप्रेसवे से किनारे पर भागने का प्रयास करते रहे। करीब 20 मिनट तक यह सिलसिला जारी रहा। उधर सूचना पर पहुंची पुलिस व एक्सप्रेसवे की पेट्रोलिंग टीम ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाने व एंबुलेंस से घायल को अस्पताल भेजने का कार्य शुरू कर दिया। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मौके पर पहुंचे और घायलों का जायजा लिया। खबर के मुताबिक सैफई स्थित उत्तर प्रदेश विज्ञान विश्वविद्यालय में इटावा के जिलाध्यक्ष अवनीश राय और एसएसपी जयप्रकाश सिंह भी घायलों को देखने पहुंचे हैं। अवनीश राय ने बताया कि, 9 लोगों को अस्पताल लाया गया है, जिसमें से 3 की मौत हो गई है वहीं 6 घायल हैं। इनके परिवार वालों को भी सूचित किया जा रहा है। उन्होंने आगे जनता से अनुरोध किया कि हाईवे पर धीमी गति से चलें और निरंतर लाइट्स और डिपर का इस्तेमाल करते रहें। क्षेत्राधिकारी भरत पासवान ने बताया कि स्लीपर बस चालक मथुरा जनपद निवासी पप्पू यादव के रूप जान गवाने वाले एक युवक की पहचान हुई है, जो बस को देहरादून से लखनऊ लेकर जा रहे थे। वहीं दूसरे व्यक्ति की पहचान 32 वर्षीय महेश चंद्र निवासी अमेठी के रूप में हुई है, ये बस चंडीगण से उन्नाव जा रही थी। अल्टो कार ग्रेटर नोयडा से बिहार जा रही थी। तीसरे की पहचान की जा रही है। कुल तीन मौतें हुई हैं। वहीं पहला ट्रक चालक भाग निकलता है। घटना में अब तक आठ लोगों के घायल होने की खबर है। राहत व बचाव का कार्य जारी है।

समीक्षा बैठकः मुख्यमंत्री ने अफसरों को दिए निर्देश ठंड से बचाव को जल्द शुरू करें कंबल की खरीद

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी जिलों के डीएम को रैन बसेरों के साथ ही निराश्रितों, बुजुर्गों और यात्रियों सहित आम जनजीवन की ठंड से बचाव की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इसके लिए तत्काल कंबल की खरीद करने को कहा है अलाव जलाने का प्रबंध करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री अधिकारियों के साथ बैठक में ठंड के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सरकार की ओर से किए जाने वाले इंतजामों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि कंबल की खरीद समय से करके जरूरतमंदों में वितरण शुरू कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कंबल आदि राहत सामग्री का वितरण स्थानीय सांसद, विधायक, नगर निकायों के महापौर और चेयरमैनों समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराए जाएं। अब तक बने रैन बसेरों की समीक्षा करते हुए

मुख्यमंत्री ने सभी डीएम को निरंतर रैन बसेरों का औचक निरीक्षण करने और जरूरत के मुताबिक राहत सामग्री की व्यवस्था कराने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीएम यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोता हुआ न मिले। रैन बसेरों में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था के साथ ही निरंतर सैनिटाइजेशन कराने को भी कहा है। रैन बसेरों की सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने जरूरत के मुताबिक अस्थाई रैन बसेरे बनाने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर अलाव के समुचित प्रबंध करने को भी कहा है।

पठान फिल्म के पोस्टर पर दीपिका की जगह मुख्यमंत्री योगी की तस्वीर लगाकर किया वायरल, केस दर्ज

लखनऊ। पठान फिल्म को लेकर शुरू हुए विवाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर मॉर्फ्ड कर सोशल मीडिया पर वायरल की गई। इस मामले में साइबर क्राइम थाने के हेड कांस्टेबल ने तहरीर दी है। जिस पर केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच साइबर क्राइम थाने की टीम कर रही है। प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना मोहम्मद मुस्लिम खां के मुताबिक पठान फिल्म के विवाद में ट्विटर हैंडल @azaarSRK से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तस्वीर मॉर्फ्ड कर दीपिका पादुकोण की जगह लगाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इस मामले में साइबर क्राइम थाने के मुख्य आरक्षी की तहरीर पर आईपीसी की धारा 295ए और आईटी एक्ट की धारा 66 में केस दर्ज किया गया है।

बलवंत हत्याकांडः कानपुर देहात में परिवार से मिले अखिलेश बोले- पत्नी को सरकारी नौकरी व 1 करोड़ मुआवजा दे सरकार

कानपुर देहात। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सोमवार को कानपुर देहात पहुंचे। पुलिस की बर्बरता का शिकार हुए व्यापारी बलवंत सिंह के परिजनों से अखिलेश मुलाकात करने उनके घर पहुंचे। अखिलेश के स्वागत के लिए भारी संख्या में सपाई कानपुर देहात पहुंचे। मौके पर भीड़ इतनी बढ़ गई कि पुलिस और पब्लिक के बीच धक्का मुक्की हो गई। पूर्व मुख्यमंत्री ने बलवंत सिंह के परिजनों को पांच लाख रुपये समाजवादी पार्टी की ओर से देने की बात कही। भाजपा से रिटायर जज से मामले की जांच की मांग की। साथ ही सरकार से बलवंत की पत्नी को सरकारी नौकरी व एक करोड़ मुआवजा देने की बात कही। पत्नी शालिनी ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मदद की गुहार लगाई थी। इसके लिए शालिनी ने उन्हें पत्र भेज बड़ा भाई बताते हुए बहन की मदद की बात लिखी थी। शिवली के लालपुर सरैंया निवासी बलवंत सिंह की पुलिस की पिटाई से मौत हो गई थी। बलवंत की पत्नी शालिनी ने अखिलेश यादव के नाम एक पत्र लिखा था। पत्र में शालिनी ने लिखा था कि मैं बलवंत की पत्नी शालिनी आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करती हूं कि मेरे पति को पुलिस हिरासत में मार दिया गया।

संसदीय कार्यवाही के लिए कांग्रेस का रवैया विनाशकारी और बाधक : गोयल

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि विपक्ष एक "अवरोधक" की तरह व्यवहार कर रहा है जो संसद के कामकाज में नियमों और विनियमों में विश्वास नहीं करता है। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, पीयूष गोयल ने कहा, "आज राज्यसभा में, हमने विपक्षी दलों से हताशा और मयार्दा की पूर्ण अनुपस्थिति देखी। उनकी हताशा एक ऐसे स्तर पर पहुंच गई, जहां वे संसद के कामकाज में कोई नियम और कानून पर विश्वास भी नहीं करते।" "गोयल ने कहा, "वे अध्यक्ष के फैसलों और टिप्पणियों को भी नकार रहे हैं। दुर्भाग्य से, विपक्ष एक बाधावादी और विनाशकारी व्यवहार कर रहा है।" केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि राज्यसभा से विपक्ष का हालिया बयान सेना में उनके "विश्वास की कमी" को दशार्ता है। उन्होंने कहा, "यह सेना में उनके विश्वास की

पूर्ण कमी को दशार्ता है जो सशस्त्र बल का मनोबल गिरा रहा है। यह देश के सर्वोत्तम हित में है कि विपक्ष सुरक्षा के संवेदनशील मामलों और लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए संसद के सुचारू कामकाज की अनुमति दें। उन्होंने आगे विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस से सीमा पर सेना और जवानों का सम्मान करने की अपेक्षा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्री पहले ही राज्यसभा में एक विस्तृत बयान दे चुके हैं, जिसके बाद, हम विपक्ष, विशेष रूप से कांग्रेस से हमारी सेना, सीमा पर जवानों और राष्ट्र के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सम्मान करने की उम्मीद करते हैं। 13 दिसंबर को लोकसभा में बोलते हुए, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने बहादुरी से चीनी पीएलए सैनिकों को भारतीय क्षेत्र में अतिक्रमण करने से रोका और उन्हें वापस जाने के लिए मजबूर किया। हालांकि, शनिवार को उन्होंने कहा कि चाहे गलवान हो या तवांग, भारत के रक्षा बलों ने हमेशा साहस दिखाया है और हर मौके पर अपने पराक्रम का प्रदर्शन किया है।

भगवा रंग त्याग का प्रतीक, बजरंगी गुंडे इसे पहन वसूली कर रहे : भूपेश

रायपुर। बॉलीवुड मूवी 'पठान' के एक गाने 'बेशर्म रंग' का विवाद छत्तीसगढ़ तक पहुंच गया है। तमाम विरोध के बीच अब मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी इस पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि, भगवा रंग त्याग का प्रतीक है। जब कोई साधु-सन्यासी अपने घर और समाज का त्याग करता है तो वह भगवा रंग धारण करता है। उसे बजरंगी गुंडे पहन रहे हैं। पहले वे बताएं उन्होंने समाज के लिए क्या त्याग किया है। कलर तो कोई भी पहन रहे हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि, कपड़ा पहनना अलग बात है और उसे धारण करना अलग है। धारण कौन करता है, अंगीकार कौन करता है। जब साधु-संत समाज, घर परिवार को त्याग देता है तब भगवा रंग या गेरुआ स्वीकार करता है। भगवा रंग ज्वाला या अग्नि का प्रतीक है। ये बजरंगी गुंडे भगवा रंग का गमछा पहन कर निकल रहे हैं। पहले बताएं कि उन्होंने समाज और परिवार के लिए क्या त्याग किया है। ये तो वसूली

करने के लिए निकले हैं। उन्होंने कहा कि, भाजपा के जो नेता हैं, जो सांसद बने है, जो विधायक हैं, वह हीरो हैं। वह ऐसे कपड़े पहनकर हिरोइनों के साथ डांस कर रहे हैं, उस पर क्या विचार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, रंगों से किसी का जाति धर्म तय नहीं करना चाहिए। ये कोई विवाद का मुद्दा ही नहीं है। भाजपा के पास कोई मुद्दा ही नहीं बचा है। इसलिए जो जनता और समाज के मुद्दे नहीं हैं उसे सामने लाकर वो उसका ध्रुवीकरण कर रही है। शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की मूवी 'पठान' के पहले गाने 'बेशर्म रंग' पर विवाद हो रहा है। इस गाने में दीपिका का सेंसुअल अवतार और उनकी पहनी भगवा रंग की बिकिनी पर बवाल है।

फिरोजपुर के जीरा में किसानों पर पुलिस का लाठीचार्ज, प्रदर्शनकारियों ने तोड़े बैरिकेड

जीरा (फिरोजपुर)। जीरा के गांव मंसूर वाला की शराब फैक्ट्री के बाहर जमा हो रहे किसान संगठनों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है। इससे पहले सुबह एसएसपी कंवरदीप कौन ने धार्मिक समागम में किसी को ना रोकने की बात की थी।

पुलिस ने किसानों पर किया लाठीचार्ज- बता दें कि सोमवार को किसान संगठनों का धरने पर पहुंचना शुरू हुआ। इस दौरान किसानों ने सरकार का विरोध किया। हालांकि, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने का प्रयास किया तो प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के बैरिकेड गिरा दिए, इसके बाद पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

लक्खा सदाना ने किसानों को किया था संबोधित- इस दौरान मालब्रोज शराब फैक्ट्री के सामने धरने पर बैठे किसानों को लक्खा सदाना ने संबोधित किया। फैक्ट्री के बाहर अखंड पाठ चलता रहा और लोग उसमें शामिल भी हुए। एसएसपी कंवरदीप कौर मौके पर मौजूद रहीं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा धरना सिर्फ फैक्ट्री से दूर किया गया है। श्री अखंड पाठ में शामिल होने वालों को रोका नहीं जा रहा।

वीडियो वायरल कर फैलाई जा रही अफवाह- वहीं, वीडियो वायरल कर अफवाह फैलाई जा रही है कि पुलिस किसानों से धक्का कर धार्मिक समागम में पहुंचने नहीं दे रही है। इससे पहले पुलिस ने रविवार को केवल उन प्रदर्शनकारी किसानों पर कार्रवाई की, जिन्होंने बीच रास्ते में पुलिस की गाड़ियों को घेरा और कानून का उल्लंघन करने की कोशिश की।

मौके पर हालात तनावपूर्ण- हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला प्रशासन ने फैक्ट्री का एक गेट खुलवा दिया है और धरने को महज दूर किया है। रविवार को जिला प्रशासन की कार्रवाई के बाद सोमवार को हालात गर्म रहे। रविवार को पुलिस ने प्रदर्शनकारियों का टेंट उखाड़ कर सामान हटा दिया था। उसके बाद शराब फैक्ट्री की ओर जाने वाली लिंक रोड और हाइवे के चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात की गई। पुलिस ने 27 प्रदर्शनकारियों का नामजद कर और 250 अज्ञात पर मामला दर्ज किया है और 4 गिरफ्तार किए था। जिसके खिलाफ किसान संगठनों का आक्रोश बढ़ गया और उन्होंने सोमवार को जिला के गांव मंदसोरवाला में पहुंचने का आह्वान किया था। हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

लगातार दूसरे दिन गुरदासपुर सेक्टर में ड्रोन की घुसपैठ, बीएसएफ ने 100 राउंड फायरिंग कर लौटाया

गुरदासपुर (पंजाब)। पंजाब में बीएसएफ सेक्टर गुरदासपुर में पाकिस्तानी ड्रोन का आना लगातार जारी है। धुंध का फायदा उठाते हुए पाक तस्कर हेरोइन और हथियारों की खेप को भारतीय सीमा में पहुंचाने की नापाक कोशिश में जुटे हुए हैं। रविवार रात को दो बार इस सेक्टर में ड्रोन मूवमेंट देखने को मिली। बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के जवानों ने तकरीबन 100 राउंड फायर कर ड्रोन को वापस भेजा। जानकारी के अनुसार, गुरदासपुर सेक्टर में रात को दो बार ड्रोन मूवमेंट देखने को मिली है। रात 10:20 बजे गुरदासपुर की चौकी चंदू वडाला में ड्रोन की आवाज सुनाई दी। जवानों ने 26 राउंड फायर किए। ड्रोन की सही मूवमेंट देखने के लिए 6 रोशनी बम भी दागे गए। जिसके बाद ड्रोन पाकिस्तान में वापस लौट गया। वहीं इस घटना के चंद मिनटों बाद 10:48 बजे फिर से बीओपी कस्सोवाल में ड्रोन की आवाज सुनाई दी, जिसे तैनात जवानों ने फायरिंग शुरू कर खदेड़ा। इस दौरान जवानों ने 4 रोशनी बम दाग ड्रोन की मूवमेंट का पता लगाया और 72 राउंड फायर किए गए।

घटना के बाद से ही बीएसएफ और स्थानीय पुलिस की तरफ से इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया गया है, जिसमें कोई रिकवरी नहीं हुई है। रविवार को गांव चंदू वडाला में भी ड्रोन मूवमेंट देखने को मिली थी। जिसके बाद सर्च चलाया गया, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

संपादकीय

वंचना के परिसर

मगर सच यह है कि तमाम कानूनी प्रावधानों के बावजूद आज भी गरीब परिवारों के बच्चे भारी तादाद में स्कूलों से बाहर हैं। अगर आर्थिक रूप से कमजोर कोई परिवार अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा मुहैया करने की इच्छा से निजी स्कूल में दाखिला कराना चाहता है तो उसकी राहों में कई तरह की बाधाएं खड़ी हो जाती हैं। ऐसा उन निजी स्कूलों की ओर से भी किया जाता है, जिनके लिए बाकायदा कानूनी तौर पर इस नियम को पालन करना जरूरी बनाना गया है कि वे अपने यहां कुल दाखिलों में कुछ खास हिस्सा आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सुरक्षित रखेंगे। गरीब बच्चों को दाखिले से वंचित करने के ऐसे लगातार मामलों को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने अपने एक आदेश में साफतौर पर कहा कि निजी स्कूलों को पच्चीस फीसद सीटों पर कम आय वर्ग के बच्चों को दाखिला देना ही होगा। सुनवाई के दौरान अदालत ने साफतौर पर कहा कि उन स्कूलों की मान्यता रद्द करने की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए, जो शिक्षा का अधिकार कानून के उल्लंघन में लिप्त पाए गए हैं। सवाल है कि शिक्षा का अधिकार यानी आरटीई अधिनियम के लागू होने के करीब बारह साल बाद भी यह स्थिति क्यों है कि किसी अदालत को यह याद दिलाना पड़ रहा है कि इस कानून का उल्लंघन हो रहा है और सरकार इसे सख्ती से लागू करने के लिए जरूरी कदम उठाए। आरटीई कानून के प्रावधानों के मुताबिक कक्षा में घोषित कुल सीटों में से पच्चीस फीसद पर आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित समूहों के बच्चों को दाखिला मिलना चाहिए। लेकिन अगर निजी स्कूलों में इस नियम का खुला उल्लंघन हो रहा है तो इसकी वजह क्या है और सरकार को इतने गंभीर मामले पर अपनी ओर से सक्रिय होना और समय पर कार्रवाई करना क्यों जरूरी नहीं लगा? ऐसे में अदालत ने उचित ही निजी स्कूलों के साथ-साथ दिल्ली सरकार को भी फटकार लगाई और शिक्षा का अधिकार कानून पर अमल के लिए सख्ती बरतने को कहा। अदालत की यह टिप्पणी अहम है कि देश आज आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, मगर सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता अभी हमसे दूर है; अब वक्त आ गया है कि न्यायपालिका लोगों तक पहुंचे, न कि लोगों के इसके दरवाजे पर पहुंचने का इंतजार किया जाए, क्योंकि गरीब बच्चों को शिक्षा के मौलिक अधिकार का लाभ उठाने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाने को मजबूर किया जा रहा है। दरअसल, दिल्ली सरकार ने अपने कामकाज में सबसे ज्यादा प्रचार इस बात का किया है कि उसने यहां शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी काम किए हैं, सभी तबकों तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित की है और इसकी समूची तस्वीर बदल दी है। मगर इसके समांतर यह हकीकत क्यों है कि गरीब या वंचित तबकों के बच्चों को अपने शिक्षा के अधिकार बाधित होने की वजह से अदालत की शरण में जाना पड़ रहा है? सस्ती दर पर जमीन हासिल करने वाले स्कूल अब तक नियम-कायदों की अनदेखी करते हुए गरीब तबके के बच्चों को उनके अधिकार से वंचित रखते हैं। क्या यह सरकार की जिम्मेदारी नहीं है कि वह अपने क्षेत्राधिकार में आने वाले निजी स्कूलों में इस नियम पर सौ फीसद अमल सुनिश्चित करे?

बढ़ती जरूरतों के बीच ऊर्जा का विकल्प

फिलहाल सौर ऊर्जा भविष्य की केवल आवश्यकता नहीं, अनिवार्यता होगी। मगर यह पूरी तरह सक्षम और सशक्त तभी हो पाएगी, जब सभी तक इसकी पहुंच बन सकेगी।भारत भौगोलिक रूप से उष्ण कटिबंधीय देशों में शुमार है, जहां साल में तीन सौ दिन धूप खिली रहती है। जाहिर है, इससे सौर ऊर्जा के मामले में भारत मजबूत देश बन सकता है। हालांकि अभी इस दिशा में उतने पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं, जितने होने चाहिए। मगर पारंपरिक माध्यमों से बिजली पैदा करना लगातार महंगा होता जा रहा है, इसलिए सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प बन कर उभर रही है। गौरतलब है कि 2035 तक देश में सौर ऊर्जा की मांग सात गुना बढ़ने की संभावना है। भारत की आबादी कुछ ही समय में चीन से अधिक हो जाएगी। ऐसे में दुनिया के सबसे बड़े आबादी वाले देश को बिजली की जो जरूरत होगी उसमें सौर ऊर्जा कहीं अधिक प्रभावशाली रहेगी। तथ्य यह भी है कि पर्यावरण के लिहाज से भी सौर ऊर्जा कहीं बेहतर विकल्प है। भारत की ऊर्जा मांग का एक बड़ा हिस्सा तापीय ऊर्जा द्वारा संभव होता है, जिसकी निर्भरता जीवाष्म ईंधन पर है। वैसे विश्व भर में केवल ऊर्जा उत्पादन से प्रति वर्ष लगभग बीस अरब टन कार्बन डाईआक्साइड और अन्य दूषित तत्त्व निकलते हैं, जो जलवायु परिवर्तन के लिए जिम्मेदार हैं। जाहिर है कि सौर ऊर्जा कार्बन उत्सर्जन में कटौती में भी मदद करती है। सौर ऊर्जा, ऊर्जा का एक ऐसा स्वच्छ रूप है, जो पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों का बेहतरीन विकल्प है। विकासशील अर्थव्यवस्था वाला भारत ऊर्जा के कई विकल्प आजमाता रहा है। औद्योगीकरण, शहरीकरण समेत कृषि और रोजमर्रा की बिजली से जुड़ी आवश्यकताओं से भी भारत को नई-नई चुनौतियां मिलती रही हैं। उच्च जनसंख्या घनत्व के चलते जहां एक ओर सौर संयंत्र स्थापित करने के लिए भूमि की उपलब्धता कम है, वहीं परंपरागत ऊर्जा से जरूरत भर की आपूर्ति होना भी संभव नहीं है।

फिर सौर ऊर्जा केवल एक सुखद पहलू नहीं है, इससे उत्पन्न कचरा भविष्य की चुनौती हो सकता है। फिलहाल भारत ई-कचरा, प्लास्टिक कचरा समेत कई कचरों के निपटान को लेकर मुश्किलों में फंसा है। अनुमान है कि 2050 तक भारत में सौर कचरा 18 लाख टन के आसपास होने की संभावना है। इन सबके अलावा भारत को अपने घरेलू लक्ष्यों को प्राथमिकता देने और विश्व व्यापार संगठन की प्रतिबद्धताओं के बीच भी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल सौर ऊर्जा के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें विभिन्न योजनाएं भी चला रही हैं। बहुत कम दाम पर सोलर पैनल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। सौर संयंत्र लगाने पर सबसिडी का भी प्रावधान है। पर इस बात को भी समझना होगा कि भारत में हर पांचवां व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे है। झुग्गी-झोपड़ियों से लेकर कच्चे मकानों की तादाद भी यहां बहुतायत में है। 2011 की जनगणना के अनुसार देश में साढ़े छह करोड़ लोग झुग्गी-झोपड़ियों में रहते हैं और करोड़ों बेघर हैं। ऐसे में सोलर पैनल लगाना अपने तरह की एक चुनौती है। भारत सरकार ने 2022 तक दो करोड़ पक्के मकान देने का वादा किया था। अगर ये मकान उपलब्ध हो जाएं तो शायद वे सोलर पैनल लगाने के काम भी आएंगे।

सरकार ने 2022 के अंत तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का जो लक्ष्य 175 गीगावाट निर्धारित किया है। इसमें पवन ऊर्जा साठ गीगावाट, बायोमास दस गीगावाट और जल विद्युत परियोजना महज पांच गीगावाट शामिल है, जबकि इसमें सौ गीगावाट अकेले सौर ऊर्जा का है। हालांकि जिस दर से बिजली की आवश्यकता बढ़ रही है, उसमें समय के साथ कई गुना बढ़ोतरी करते रहना होगा। मगर यह तभी संभव है, जब सोलर पैनल सस्ते और टिकाऊ हों। इसके साथ ही अधिक से अधिक लोगों की छतों तक ये पहुंच सकें और सोलर पार्क भी बढ़ाए जाएं। चीन की कंपनियों के साथ भारत की वस्तुओं की हमेशा स्पर्धा रही है। भारतीय घरेलू निमार्ता तकनीकी और आर्थिक रूप से उतने मजबूत नहीं हैं, इसलिए दूसरे देशों के बाजार पर निर्भरता भी घटानी होगी। सौर ऊर्जा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर की अनेक संभावनाएं मौजूद हैं। आंकड़े बताते हैं कि एक गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से लगभग चार हजार लोगों को रोजगार मिल सकता है। इसके अलावा इसके संचालन और रखरखाव में भी रोजगार के अवसर ढूंढ़े जा सकते हैं।

जहां 2035 तक वैश्विक सौर क्षमता में भारत की कुल हिस्सेदारी आठ फीसद होने की संभावना है, वहीं तीन सौ तिरसठ गीगावाट की क्षमता के साथ वैश्विक अगुआ के रूप में उभरने की संभावना भी है। अंतरराष्ट्रीय सौर ऊर्जा गठबंधन, जिसका शुभारंभ भारत और फ्रांस द्वारा 30 नवंबर, 2015 को पेरिस में किया गया था। उसकी पहल भारत ने की थी। उस वक्त पेरिस जलवायु सम्मेलन चल रहा था। इस संगठन में एक सौ बाईस देश हैं, जिनकी स्थिति कर्क और मकर रेखा के मध्य है। सूर्य साल भर इन्हीं दो रेखाओं के बीच सीधे चमकता है, जिससे धूप और प्रकाश की मात्रा सर्वाधिक देखी जा सकती है। हालांकि विषुवत रेखा पर यही धूप और ताप अनुपात में सर्वाधिक रहता है। भारत में राजस्थान के थार मरुस्थल में देश की सर्वोत्तम सौर ऊर्जा परियोजना प्रारंभ की गई है। सौर ऊर्जा मिशन के लक्ष्य पर नजर डालें तो 2022 तक बीस हजार मेगावाट क्षमता वाले सौर ग्रिड की स्थापना के अलावा दो हजार मेगावाट वाली गैर ग्रिड के सुचारु संचालन की नीतिगत योजना दिखती है। इसी मिशन में 2022 तक दो करोड़ सौर बत्तियों को भी शामिल किया गया है। ई-चार्जिंग स्टेशनों की स्थापना शुरू कर दी गई है। यह सौर ऊर्जा से चलने वाले वाहनों के लिए एक बेहतरीन कदम है। गौरतलब है कि भारत में वाहन उद्योग ने भी सौर ऊर्जा को तेजी से अपनाना शुरू कर दिया है और ऐसे वाहन बनाए जा रहे हैं, जिन्हें पेट्रोल, डीजल के बजाय सौर ऊर्जा से चलाया जा सके। किसी भी योजना को अंजाम देने के लिए कौशल

गोशालाओ में दुर्व्यवस्था को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं बीडीओ को दिया ज्ञापन

प्रखर केराकत जौनपुर। सोमवार की सुबह स्थानीय ब्लाक के कुंडी गांव निवासी भाजपा कार्यकर्ता आलोक राय अपने दर्जनों समर्थको के साथ ब्लाक मुख्यालय में खंडविकास अधिकारी रवि कुमार सिंह ने प्रदेश के मुखिया के नाम ज्ञापन देते हुए कहा की ब्लाक में कुंडी पेसारा मुर्तजाबाद में संचालित गोशालाओं में दुर्व्यावस्था की वजह से रोजाना गो वंश दम तोड रहे है और उनके शवों खुले में फेंक देने से कुत्ते नोच रहे है और जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंग रहे है।जबकि हमारे प्रदेश के मुखिया का सख्त आदेश है की गौशालाओं में गो वंश की देख रेख ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी एवम् ब्लाक के जिम्मेदार अधिकारी रोजाना रिपोर्ट करे और पशु अधिकारी रोजाना गो वंश की स्वास्थ जांच कर आवश्यक दवा दे।लेकिन मुफ्तीगंज ब्लाक में इसके विपरित काम हो रहा है।भाजपा कार्यकर्ता ने कहा की जिम्मेदारों के खिलाफ अगर सख्त कार्रवाई नही होगी तो हम अपने सैकड़ों ग्रामीण समर्थको के साथ सड़क पर उतरने को बाध्य होंगे।इस अवसर पर गांव के प्रदीप सिंह सर्वेश राय अभय राज प्रजापति सागर धीरज यादव आफताब आदि लोगो का कहना है की जब उक्त प्रकरण की शिकायत करने हम लोग खंडविकासधिकारी के यहां जाते है वह हम लोगो की बात को अनसुनी कर कहते है की आप लोग शिकायत करने वाले कौन होते है अब हम गोशाला में जाकर केवल गो वंशो को ही देखे हमारे ऊपर पूरे ब्लाक की जिम्मेदारी है।खंडविकासधिकारी के विवादित बयान को लेकर क्षेत्रीय जनता में आक्रोश।

नारंगी खाओ रोग दूर भगाओ

नारंगी एक ऐसा फल है ,जिसमे पेट से लेकर सिर तक के सारे रोग दूर करने के गुण होते है। यह बुजुर्गो के साथ साथ बच्चो के स्वस्थ के लिए भी लाभदायक होता है। नारंगी के बृक्ष लगभग पुरे देश में पाए जाते है। इसके पत्ते मध्यम आकार के होते है। नारंगी के फलो में एक बिशेष सुगंध होता है। इसका फल खट्टा और मीठा दोनों प्रकार का होता है। यह गर्मी में तन मन को शांति पहुंचाती है। नारंगी में विटामिन सी की मात्रा ज्यादा होती है। इसमें विटामिन ए तथा बिभिन खनिज लवण भी पर्याप्त होते है। जो शरीर को चुस्त एवम दुरुस्त बनाती है। नारंगी पाचन शक्ति को भी मजबूत करती है। इसके अलावा खांसी और प्यास की अधिकता एवम मुहासे ,ज्वर आदि रोगो को दूर करने में उपयोगी है।

एक औषधि के रूप में नारंगी

१ -यदि पाचन शक्ति में कमी हो तो नारंगी के रस में तीन गुना पानी मिलाकर रोगी को पिलाए।

२ -यदि पायरिया के कारण मसूड़े से रक्त निकलता हो तो,कुछ दिनों तक नारंगी का सेवन करे। पायरिया से छुटकारा मिल जाएगा।

३ -गुनगुने पानी में नारंगी मिलाकर पिने से सर्दी लगने के कारण आने वाली खांसी दूर हो जाती है।

४-यदि बस या मोटर कार में सफर करते समय वमन की शिकायत हो तो नारंगी को चूसे इससे आराम मिलेगा।

५-प्रातः काल नास्ते से पहले दो नारंगी का रस पिने से गुर्दे का शोध दूर होता है।

६-यदि कोई भी बीमारी महामारी के रूप में फैल रहा है तो नारंगी का सेवन करने से इससे बचाव होता है।

७-यदि पानी पिने से प्यास नहीं बुझती है तो नारंगी का सेवन करने से प्यास शांत हो जाती है।

८-यदि बच्चा लगातार सूखता जाता है तो उसे नारंगी का रस पिलाए सूखा रोग दूर हो जाएगा।

९-नारंगी छिलके को धुप में सूखा कर उन्हें पीस छानकर गुलाब जल में मिलाकर चेहरे पर लगाने से दाग ,धब्बा ,मुहासे इत्यादि समाप्त हो जाते है।

१०-प्रतिदिन नारंगी का रस पिने से जोड़ो के दर्द एवम सूजन से आराम मिलता है।

११-यदि दूध पिने से पेट में वायु बनती है तो नारंगी के सेवन से काफी लाभ होता है।

नारंगी खाने के नुकसान

बीटा ब्लॉकर हृदय रोग के लिए सबसे ज्यादा प्रभावी दवाओं में से एक है। जिससे रक्त में पोटेशियम की मात्रा बढ़ सकती है। बीटा-ब्लॉकर दवा का उपयोग करने के तुरंत बाद पोटेशियम युक्त खाद्य पदार्थ जैसे कि संतरा या अन्य खट्टे फलों का सेवन कम करना चाहिए।

जिन लोगों के गुर्दे अच्छी तरह से काम नही करते है उन्हें ज्यादा पोटेशियम का उपभोग नहीं करना चाहिए।

ऊपर के लेख में आपने जाना की संतरा खाने के फायदे और नुकसानक्या है। संतरे के साथ ही इसके छिलके के फायदे भी होते है जिसका उपयोग आप अपनी त्वचा को सुन्दर बनाने के लिए कर सकते है।

डॉ दिवाकर राय
बीयचएमयस,एम पी यच
डी एम सी (डरमेटॉलॉजी एंड कॉस्मेटलॉजी जर्मनी)
डी यन (नुट्रिशन)
सीएमटी (टॉक्सक्योंलॉजी)

आईजीएल के बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने गीडा थाने को प्रिंटर भेट किया

प्रखर गोरखपुर। इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के बिजनेस हेड एस के शुक्ल निर्देश पर थाना गीडा में एक ऑटोमैटिक प्रिंटर सप्रेम भेट किया गया। इंस्पेक्टर गीडा द्वारा वरिष्ठ प्रबंधक प्रशासन एवं जनसंपर्क डॉ सुनील कुमार मिश्रा को बताया गया की थाने का प्रिंटर खराब हो गया है, जिससे आए दिन पुलिस स्टेशन में कार्य करने में दिक्कत आ रही है। गीडा थाने से मिली सूचना को डॉ सुनील मिश्रा ने प्लांट हेड एपी मिश्रा से साझा किया और थाने की समस्या दूर करने का अनुरोध किया, तथा प्लांट हेड ने तत्काल बिजनेस हेड एस के शुक्ल से बात किया और थाने में प्रिंटर देने हेतु आग्रह किया जिसे बड़े मन से एस के शुक्ल ने स्वीकार कर लिया और आईजीएल प्रशासन द्वारा तत्काल थाने को प्रिंटर बाजार से अठाईस हजार का खरीद कर दे दिया गया। एस के शुक्ल का मानना है की उद्योगों को पुलिस प्रशासन एवं जिला प्रशासन का सहयोग समय समय पर करना चाहिए क्युकी ये सभी लोग निरंतर आम जन की सेवा में तत्पर रहते है।

पीएम मोदी के नेतृत्व पूरी दुनिया में भारत की बनी मजबूत छवि : वेदानंद ओझा

नई दिल्ली। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का समग्र विकास हो रहा है।गुजरात विधान सभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत से मोदी की अपार लोकप्रियता एकबार फिर सिद्ध हुई।उक्त बातें दिल्ली प्रवास पर पहुंचे यूपी के सेल्टैक्स विभाग के पूर्व ज्वाइंट कमिश्नर व वरिष्ठ भाजपा नेता वेदानंद ओझा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं।उन्होंने कहा की पीएम मोदी विश्व के लोकप्रिय नेता है उनके नेतृत्व में पूरी दुनिया में भारत की छवि मजबूत हुई है। वेदानंद ओझा ने कहा की पीएम मोदी सबका साथ व सबका विकास के साथ ही जन जन का विश्वास भी जीत रहे हैं।केंद्र सरकार की नीतियों के कारण आम जन तक कल्याणकारी योजनाएं पहुंचीं है।स्वच्छता अभियान, हर घर शौचालय,उज्ज्वला योजना,प्रधानमंत्री आवास योजना व नल जल योजना से लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है। वेदानंद ने मेक इन इंडिया,डिजिटल इंडिया व स्वास्थ्य सेवा और इसके इंफ्रास्ट्रक्चर में हुए व्यापक बदलाव को मोदी सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया।

खेल का बुखार !

चढ़ा आजकल खूब है ।
खेल का बुखार ।।
पा रहा अब खेल ।
अच्छा खासा प्यार ।।
बढ़ रहे दीवाने ।
हो रहें हैं मस्त ।।
खेल ने अब कर रखा ।
ज्यादा ही कुछ व्यस्त ।।
है देखते बनता ।
खुशी का ठिकाना ।।
गा रहा हर कोई ।
अलग ही अब गाना ।।
खेल प्रेमियों वाली ।
आई है बहार ।।
झूमना बस केवल ।
हर लम्हा यादगार ।।

–कृष्णेन्द्र राय

तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा का चुनाव आज, सरगर्मी तेज

अध्यक्ष पद पर त्रिकोणीय और महामन्त्री पद के लिए सीधी लड़ाई

प्रखर पिंडरा वाराणसी। तहसील बार एसोसिएशन पिंडरा का वार्षिक चुनाव के तहत मतदान मंगलवार को सुबह 10 बजे से होगा। जिसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबन्ध किये गए हैं। वही मतदान के पूर्व संध्या पर वकीलों को अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रत्याशी हर तरह के हथकंडे अपनाते दिखे।

तहसील बार के चुनाव में इस बार अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए मतदान होगा। अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हो चुका है।

तहसील परिसर स्थित लाइब्रेरी में बने बूथ व बैलेट पेपर की तैयारी में चुनाव अधिकारी लगे रहे। चुनाव अधिकारी जटाशंकर मिश्रा और मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि कुल 348 मतदाता सूची में अंकित है। इसके लिए 6 बूथ बनाये गए हैं। मतदान को लेकर तहसील में चहल पहल दिखी। जगह जगह लोग एक दूसरे के समर्थन में प्रचार करते रहे। बताते चलें कि इस बार अध्यक्ष पद के लिए राजेश कुमार पटेल, प्रफुल्ल मौर्य तथा रामभरत यादव आमने सामने होंगे वही महामंत्री पर राजेश कुमार सिंह व श्याम मोहन उपाध्याय के बीच सीधी लड़ाई होगी। अन्य पदों पर मात्र एक एक नामांकन होने के कारण निर्विरोध निर्वाचित घोषित किये जा चुके है। सहायक चुनाव अधिकारी लालबहादुर व मांता पटेल ने बताया कि बिना सीओपी या सीओपी और बार काउंसिल के प्रमाण पत्र के वोट नही दे सकेगा। वही मतदान केंद्र में मोबाइल पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। मतदान सुबह 10 बजे से 4 बजे तक होगा और मतगणना दूसरे दिन बुधवार को होगा।

सुरक्षा व्यवस्था के बाबत एसीपी अमित कुमार पांडेय ने बताया कि आधा दर्जन दरोगा के अलावा पर्याप्त मात्रा में पुलिस फोर्स चुनाव के दौरान तैनात रहेगी। सायंकाल में फूलपुर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने तहसील परिसर स्थित मतदान केंद्र का भ्रमण किया ।

निम्न पदाधिकारी का निर्विरोध निर्वाचन

वरिष्ठ उपाध्यक्ष-- सन्तोष सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष -- (10 वर्ष से अधिक) विपुल कुमार मिश्रा, कनिष्ठ उपाध्यक्ष-- संजय दुबे, कोषाध्यक्ष-- सतीश कुमार सिंह, स0 सचिव प्रशासन अविनाश कुमार बोस, पुस्तकालय सचिव -- उमेश कुमार सिंह, ऑडिटर-- आशीष कुमार दुबे समेत 8 लोग प्रबंध समिति के सदस्य निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए।

एक नजर इधर भी

क्या जमाना आ गया है दोस्तों

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। (गौरीशंकर पाण्डेय सरस) हमारे पवित्र धार्मिक ग्रंथ आदर्श सभ्यता और आदर्श मयार्दा का पाठ पढ़ाते हैं। उदाहरण के तौर पर लक्ष्मण जैसा देवर और सीता जैसी भाभी का पवित्र रिश्ता किसी परिचय का मोहताज नहीं। सर्वविदित है की जब लंका का राजा रावण सीता का हरण करके लेकर जारहा था तब सीता ने अपनी पहचान के लिए अपने हाथ का कंगन रास्ते में गिरा दिया था। जिसे बंदरों की जमात ने पाया था। राम लक्ष्मण जब सीता की खोज में जंगल के रास्ते पशु पक्षियों लता कुंजो से पूछते हुए आगे बढे तो बंदरों द्वारा कंगन प्राप्तकर भगवान राम ने लक्ष्मण को देते हुए यह कहा लक्ष्मण पहचान कर बताओ कि क्या यह कंगन तुम्हारे भाभी का है? इस पर लक्ष्मण ने जो उत्तर दिया आज के असंतुलित हो रहे समाज को आईना दिखाने के लिए काफी है। यही की पांव के शिवाय हम कुछ जानते नहीं,किसका है ए कंगन पहचानते नहीं। परंतु आज भाभी देवर के पवित्र रिश्ते कलंकित होने से बाज नहीं आ रहे हैं। जैसे एक दूसरे के साथ चोरी छिपे नाजायज संबंध, प्रकाश में आने पर सभ्य समाज को चुनौती देते हुए घर से पलायन की समस्या आदि आदि। इसे पश्चिमी देशों की हाबी हवा का प्रभाव कहें अथवा स्वतंत्र जीवन जीने की मनमानी छूट। ऐसा ही कुछ हुआ बीते सप्ताह गाजीपुर और मऊ की सीमा से सटे एक गांव में। जहां फौजी सिपाही की मनचली बीबी को पड़ोसी देवर से प्यार हो गया। प्यार इतना परवान चढ़ा की दोनो घर से भागकर कहीं अन्यत्र अपनी दुनियां बसाने की सोचने लगे। इसी बीच भेद लीक हो जाने के चलते सब टांय टांय फिस हो गया। पारिवारिक सदस्यों और चुनिंदा उम्रदराज सगे संबंधियों के उपस्थिति में भैंसही नदी के तट पर स्थित भूतभावन भगवान शंकर के मंदिर पर पंचायत आयोजित कर मामले का समाधान निकाला गया। भाभी ने देवर का साथ इस शर्त पर छोड़ने को राजी हुई कि फौजी पति अपने साथ रखेगा। तथा बीबी के सुख दुःख का ख्याल रखेगा। बहरहाल चौधुर रिश्तेदारों को आखिर कहना ही पड़ा "क्या जमाना आ गया है दोस्तों।"

तीर्थंकर पार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक पर निकली भव्य रथयात्रा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर श्री 1008 पार्श्वनाथ जी के 2898 वे जन्म कल्याणक पर सोमवार को वाराणसी में जन्में तीर्थंकर की भव्य रथयात्रा निकाली गई। गर्भ, जन्म, तप,एवं ज्ञान कल्याणक की विशेष पूजन के उपरांत सोमवार को श्री दिगम्बर जैन समाज काशी के तत्वावधान में प्रातः 9:30 बजे श्री दिगम्बर जैन पचांयती मन्दिर ग्वाल दास साहू लेन से शोभायात्रा प्रारम्भ होकर सोराकुआं, ठठेरी बाजार होते हुए चौक पहुंची चौक थाने के समीप से तीर्थंकर के विग्रह को एक विशाल रजत रथ के कमल सिंहासन पर इन्द्रो ने विराजमान कराया वहां उपस्थित समाज के लोगो भगवान की आरती उतारी पुनः 11 बजे राजशाही रथयात्रा प्रारंभ हुई गजरथ रथयात्रा में पार्श्वनाथ जी के जीवन से मोक्ष तक की झांकिया शामिल थी। जिस विशाल रथ पर भगवान विराजमान थे उसे भक्तगण स्वयं खीच कर अपनी श्रध्दा समर्पित कर रहे थे श्रद्धालु श्रावक रास्ते भर आरती एवं पुष्प बर्षा कर रहे थे आधा दर्जन बैन्ड पाटीर्या द्वारा भक्ति धुन बजाकर माहौल को धर्ममय

बना रहे थे छोटे-छोटे बच्चे घोडो पर सवार थे। रथयात्रा का मुख्य आकर्षण रजत की धूप गाड़ी,108 चंवरो वाली गाड़ी, राजशाही साज-सज्जा वाला विशाल रजत हाथी सबका ध्यान बरबस अपनी ओर खींच कर आकर्षित कर रहा था `रथयात्रा बांसफाटक, गौदोलिया होते हुए सोनारपुरा पहुंची वंहा राजस्थान से आई भजन मंडली द्वारा भजनो की विशेष प्रस्तुती हुई रास्ते भर केशरिया परिधानों में सजी धजी महिलाओं द्वारा भजनों की प्रस्तुती एवं जयकारा लगाया जा रहा था` रथयात्रा में अंहिसा परमो धर्म की जय, जीयो और जीने दो का जयकारा भक्तगण लगा रहे थे रथयात्रा मे अंहिसा परमो धर्म का बैनर, जैन धर्म का बैनर, झंडी गाड़ी, झंडे, ध्वज पताका भी लोग लेकर चल रहे थे` बीच-बीच मे जय-जय जिनेन्द्र देव की भव सागर नाव खेव की बोल कर तीर्थंकर के प्रति अपनी आस्था प्रगट कर रहे थे रास्ते मे कई जगह रथयात्रा का स्वागत किया गया भेलूपुर स्थित भगवान की जन्म स्थली जैन मन्दिर पहुंचने पर स्वागत एवं देवाधिदेव की आरती उतारी गई। मन्दिर परिसर में भगवान के विग्रह को बडे रजत रथ पर से उतार कर भक्तो ने रजत नालकी पर विराजमान कर बधाई गीत मेरी आली आज बधाई गाईया, ढोल, मंजीरा, ताल बाजै नौबत शहनाईया की प्रस्तुती हुई तत्पश्चात भगवान को मन्दिर जी मे रजत पाण्डुक शिला में विराजमान कर 108 कलशो से अभिषेक प्रक्षाल एवं विशेष पूजन किया गया` सोमवार को ही जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर चन्द्र प्रभु भगवान का भी जन्म कल्याणक धूम धाम से चन्द्रपुरी चौबेपुर जैन मन्दिर एवं भेलूपुर स्थित जैन मंदिर मे मनाया गया आयोजन में प्रमुख रूप से समाज के अध्यक्ष दीपक जैन उपाध्यक्ष राजेश जैन, आरसी जैन, विनोद जैन, संजय जैन प्रधान मन्त्री अरूण जैन समाज मन्त्री तरूण जैन विनय जैन प्रदीप जैन, सुधीर पोद्दार निशांत जैन संयोजक रत्नेश जैन, राजेश भूषण जैन उपस्थित थे।

डीएम से मिला भाकपा (माले) का प्रतिनिधिमंडल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। इंकलाबी नौजवान सभा और भाकपा (माले) का सात सदस्यी प्रतिनिधिमंडल भाकपा (माले) जिला सचिव रामप्यारे राम तथा इनौस प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कुशवाहा के नेतृत्व में डीएम गाजीपुर से मिला तथा रामबृक्ष मौर्य का घर जबरिया गिराये जाने तथा भीटा और तालाब जमीन के अवैध कब्जा धारकों को बेदखली के बजाय बचाने वाले जखनियां तहसील के अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग के साथ नोनहरा सहकारी समिति और यूरिया उपलब्ध कराकर खाद पाने से बंचित किसानों को मुहैया कराने की मांग को लेकर दो सुत्रीय मांग पत्र सौंपा।

डीएम ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए भाकपा (माले) जिला सचिव रामप्यारे राम ने कहा कि किसानों के धरना प्रदर्शन के बाद प्रशासन ने लापरवाह सचिव 16, दिसम्बर को खाद का वितरण कराया। बावजूद इसके भारी संख्या में किसान खाद से बंचित है उन्होंने 1000 बोरी यूरिया और समिति पर उपलब्ध कराकर किसानों में खाद बंटवाने की मांग उठाई। वही दूसरी ओर जखनियां तहसील के मझौली गांव में भाकपा (माले) नेता रामबृक्ष मौर्य का जबरिया घर गिराये जाने के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उसी गांव में गाटा संख्या 74 जिसका रक्बा 1 बिगहा 5 विस्वा भीटा के नाम से दर्ज है तथा गाटा संख्या 73 रक्बा 2 बिगहा दो विस्वा 5 धूर है। जखनियां के निर्लज तहसील प्रशासन की मेहरबानी से उस पर दबंगों ने पक्का मकान वना कर अवैध कब्जा कर लिया है। उनका प्रशासन ने अवैध कब्जा नहीं हटाया तथा सीएम पोर्टल पर गलत रिपोर्ट लगाकर 28-11-2022 को प्रेषित कर दिया। तथा 15 दिसंबर को जाकर जबरिया रामबृक्ष मौर्य को बगैर सूचना के गांव अन्य लोगों का घर गिरा दिया गया। वही भीटा और तालाब की दो बिगहा से अधिक जमीन पर अवैध कब्जा कर पक्का मकान बनाने वाले दबंगों को मानवीय हाईकोर्ट 11 दिसम्बर 2017 के बेदखली आदेश की ध्वनियां उड़ाते हुए सुविधा शुल्क लेकर बचा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

काशी मे नर सेवा नारायण की सेवा ठंड से बचाव के लिए एक सरल मुहीम - शुभम सेठ गोलू

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जनपद के कनिष्ठ समाजसेवी शुभम सेठ गोलू ने सडक के किनारे रहने वाले गरीब असहाय लोगों के लिए मददगार बने` विगत कई वर्षों से समाज के लिए समाजसेवी शुभम सेठ गोलू ने रात्रि मे कडाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंद लोगों में कैंट रेलवे स्टेशन और इंग्लिशिया लाइन चौराहे पर कंबल वितरण किया गया जिसमें विषेश रूप से सहयोग कर्ता एसआई अर्जुन सिंह,और साथी मे दीपक शाह,मनजीत सेठ, चिंटू सेठ,मोनू गुप्ता,राज कुलश्रेष्ठ, ऋषि राज पांडेय, अभिषेक सिंह वितरण में मौजूद रहे। इंसानियत मानवता जीवित रहे यही संदेश देना चाहता हूं।

दो बाइक के टक्कर में तीन घायल दो रेफर

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित अहरौरा मंडी समिति के पास ओवर ब्रिज पर दो बाइक की आमने सामने हुईं टक्कर में तीन लोग घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर वाराणसी भेजा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाराणसी शक्तिनगर मार्ग पर सोमवार को दिन में अहरौरा ओवर ब्रिज पर दो बाइक के टक्कर में माँ को लेकर जा रहा मिथलेश मोर्या पुत्र हरिचरन मोर्या बंदना मोर्या पत्नी हरिचरन मोर्या उम्र 40 वर्ष निवासी गाय घाट चकिया चंदौली घायल हो गए वही दूसरा बाइक सवार रोहित पुत्र जयश्री राजभर उम्र 24 वर्ष निवासी धुरिया थाना अहरौरा गम्भीर रूप से घायल हो गया ।सूचना पर पहुची पुलिस ने सभी घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ केंद्र पहुची जहाँ सभी घायलों का इलाज किया गया । और गम्भीर चोट होने के कारण बंदना मोर्या व रोहित राजभर को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया।

वरिष्ठ कांग्रेसी मु. शुकुरुल्लाह वारसी ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार



प्रखर ब्यूरो मुहम्मदाबाद/गाजीपुर। नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी मु. शुकुरुल्लाह वारसी ने दिन सोमवार को ठगी एवं धोखाधड़ी के मामले को लेकर गाजीपुर के पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह से मिलकर न्याय की गुहार लगाई है। इन्होंने बताया कि पारा गांव थाना नोनहरा निवासी राशिद और हबीबुल्लाह कुरैशी ने मेरे भतीजे को बिजली विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर 50000 रुपये के ठगी के मामले को लेकर प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूरे मामले से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया है। साथ ही पूरे मामले को मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत भी कर दिया है। मु. शुकुरुल्लाह वारसी ने बताया कि पैसा मांगें जाने पर ये दोनों खुली चुनौती दे रहे हैं। इसी लिये किसी भी अनहोनी होने के कारण मैंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस प्रशासन ने भी न्याय का भरोसा दिलाया है।

वाराणसी के अभिषेक सिंह का उत्तरप्रदेश पावर कापोर्रेशन मे एसडीओ/ सहायक अभियंता के पद पर चयन

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र- हरहुआ ब्लाक में ए डी ओ सहकारिता के पद पर कार्यरत अवधेश सिंह के पुत्र अभिषेक सिंह उत्तर प्रदेश पावर कापोर्रेशन लि0/ विद्युत सेवा आयोग की परीक्षा में चयन हो गया है। यह वर्तमान में वाराणसी के खुशहाल नगर नटिनियाँ दाई के निवासी भी है। अभिषेक सिंह मूलरूप से चंदौली जनपद के ग्राम चिल्हारी ,ग्राम सभा जमुड़ा के निवासी है तथा वर्तमान मे प्रयागराज मे कैग मे असिस्टेंट आडिट आफीसर के पद पर कार्यरत हैं।दो माह पूर्व ही अभिषेक सिंह का चयन यूपीपीएससी अंतर्गत राजकीय पॉलिटेक्निक कालेजों मे कंप्यूटर लेक्चरर के पद पर भी हुआ है जिसकी ज्वाइनिंग भी इसी माह के अंत मे होनी है। कंप्यूटर साइंस मे बीटेक डिग्री धारी अभिषेक सिंह के कई प्रतियोगी परीक्षाओ मे सफलता पाने से उनके परिजन और गाँव के लोग बहुत प्रसन्न हैं।

बृहस्पति फाउंडेशन के द्वारा गर्म वस्त्र का हुआ वितरण

प्रखर वाराणसी। बृहस्पति फाउंडेशन के द्वारा ह्लगर्म वस्त्र का वितरण कैंट पूल के निचे किया गया` सर्दी से किसी कि मौत ना हो इस संकल्प को लिए हुए बृहस्पति फाउंडेशन की टीम बनारस मे जरुरतमंदो तक गर्म वस्त्र पंहुचा रही है बृहस्पति फाउंडेशन से आशा पांडेय , सोनाली प्रजापति ,अभिषेक सिंह , अमित प्रजापति, अमित यादव , संस्कृति ,रजत विश्वकर्मा, निखिल यादव ,रोहित सोनी , श्वेता पांडेय , प्रिया साही ,स्वाति राय, यादवेंद्र, दुर्गेश आदि लोग रहे।

बिलावल भुट्टो का फूंका पुतला

प्रखर रामनगर वाराणसी। बिलावल भुट्टो के बयान के विरोध में शाम को मुकेश कुमार कसेरा पार्षद प्रत्यासी उम्मीदवार के नेतृत्व में पकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला फूंका पुतले दहन के दौरान पाकिस्तान मुदार्बाद बिलावल भुट्टो मुदार्बाद के नारे लगाए बिलावल भुट्टे के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की इस दौरान गौरव गुप्ता सिद्धांत कसेरा सन्तोष गुप्ता, कमलेश तिवारी, मान सिंह, आनन्द चौहान, आयुष सोनकर, सन्तोष दुबे, रजत श्रीवास्तव, सन्तोष कुमार, राहुल गुप्ता, राजीव प्रजा पति सभासद जी मौजूद रहे।

गैबिपुर विजेता तो एम.ए.एच. कॉलेज को मिला उपविजेता का खिताब

प्रखर सैदपुर गाजीपुर। छेत्र के गैबिपुर स्थित गौतम स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित आठवीं जिला स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में मेजबान गैबिपुर ने कुल 22 स्वर्ण , 7 रजत व 9 काश्य पदक जीत कर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाने मे सफल रही,वहीं 8 स्वर्ण पदक , 5 रजत व 13 काश्य पदक प्राप्त करने वाली एम.ए.एच. इंटर कॉलेज की टीम को उपविजेता ट्रॉफी प्राप्त हुई।प्रतियोगिता में तृतीय स्थान पर एस.एस. देव पब्लिक स्कूल जमानियां तो चतुर्थ स्थान पर ए.के.नेशनल इंटर कॉलेज औड़िहार की टीम रही।इन दोनों विद्यालयों की टीम को क्रमशः 7 स्वर्ण , 3 रजत, 8 काश्य व 4 स्वर्ण, 1 रजत व 1 काश्य प्राप्त हुवे।देर सांम तक चले उक्त प्रतियोगिता में जिले से कुल 6 टीमों के कुल 117 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।गाजीपुर ताईक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अमित कुमार सिंह ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी 22 दिसम्बर से लखनऊ के के.डी.सिंह बाबु स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।समापन समारोह के मुख्य अतिथी विनीत जायसवाल व विशिष्ठ अतिथि वेद प्रकाश जायसवाल ने विजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर संम्मानित किया।इस अवसर पर शैलेश श्रीवास्तव, जयप्रकाश यादव, डबलू कुमार,शुभम मिश्रा,अभिषेक यादव, अब्दुल मलिक खांन, संजय भारद्वाज, अभिषेक कुमार सिंह, बिपूज कुशवहा, जयहिन्द यादव, अनिरुद्ध सिंह इत्यादि उपस्थित थें।

समाजसेवी व योगी का 92 वर्ष की अवस्था मे निधन

प्रखर पिंडरा वाराणसी। क्षेत्र के गरखड़ा निवासी समाजसेवी व योगी जमेदार सिंह की 92 वर्ष की अवस्था में रविवार को रात निधन हो गया। प्रतिदिन दो घण्टे योग करने वाले जमेदार सिंह जीवन भर निरोगी होकर जीवन जिया। क्षेत्र के लोग उन्हें योगी पुरुष की संज्ञा देते थे। इनके पुत्र व पूर्व ग्राम प्रधान मनोज उपाध्याय ने बताया कि रविवार की रात्रि में खाना खा कर सोने के लिए गए और अचानक हार्ट अटैक आया और निधन हो गया। सोमवार को देर शाम मर्निकर्णिका घाट पर अंत्योष्टि हुई। उनके निधन पर क्षेत्रीय विधायक डॉ अवधेश सिंह ने दुख जताया। वही शवयात्रा में क्षेत्र के अनेक ग्राम प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा गणमान्य लोग शामिल हुए।

शीतलहर से बचाव हेतु अपर जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अत्यधिक ठण्ड / शीतलहर होने पर छोटे बच्चों, बुजुर्गों एवं गर्भवती महिलाओ को घर के अन्दर ही रखे। अति आवश्यक हो तभी घर से बाहर जाये। स्थानीय रेडियों, दैनिक समाचार पत्र, टी०बी०, मोबाईल फोन एवं वाटसअप के माध्यम से मौसम की जानकारी प्राप्त करते रहें। स्वय सर्तक रहें और अन्य व्यक्तियों को भी सर्तक करें। शरीर को सूखा रखें, गीले कपड़े कदापि न पहने, यह शरीर के लिए नुकसानदायक हो सकता है। गीले कपड़े से ठण्ड लगने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। मिटटी का तेल, कोयले की अंगीठी, हीटर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानियाँ बरते। कमरे में शुद्ध हवा का आवागमन, वेन्टिलेशन, वायु-संचार बनाये रखें ताकि कमरे में विषाक्त, जहरीला धुआं इकट्ठा न हो। सोने से पहले हीटर, ब्लोवर, कोयले की अगीठी आदि को अवश्य बंद कर दें। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे-ऊनी कपड़े, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीतदंश / ठण्ड के प्रभाव से बचा सकता है। शरीर में ऊष्मा के प्रवाह को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का नियमित सेवन किया जाना लाभकारी होगा। हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे-असामान्य शरीर का तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, असीमित ठिठुरना सुस्ती, थकान, तुतलाना, थकावट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपने नजदीकी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर सम्पर्क करें। शीतदंश / ठण्ड के लक्षणों जैसे -शरीर के अंगो का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की उँगलियों, कान नाक आदि पर सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी चिकित्सक से परामर्श के बाद ही दवाइओ का प्रयोग करें। अपने आस-पास अकेले रहने वाले पड़ोसियों की जानकारी रखें, विशेषकर बुजुर्गो व्यक्तियो का पूर्ण विवरण एवं मोबाईल नम्बर अवश्य रखे। किसी भी आपात कालीन स्थिति से निपटने के लिए एक आपातकालीन डायरी बनाये जिसमें पुलिस, चिकित्सा, अग्निशमन, एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागो के नम्बर दर्ज रखें और इसकी जानकारी परिवार के प्रत्येक सदस्यों को होनी चाहिए।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के महिला अधिवेशन मेरी उड़ान का हुआ आयोजन

प्रखर वाराणसी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अपने स्थापना के समय से ही मातृ शक्ति के उन्नयन का पक्षधर रहा है। इसी क्रम मे राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जनपद वाराणसी का महिला अधिवेशन सरस्वती विद्यामंदिर इंटर कॉलेज हुकुलगंज चौकाघाट वाराणसी मे सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम मे अध्यक्ष के रूप मे डॉ रचना दुबे प्राचार्य आर्य महिला महाविद्यालय चेतगंज, मुख्य अतिथि ऋचा जोशी निदेशक राज्य हिन्दी संस्थान वाराणसी , मुख्य वक्ता के रूप मे श्री महेंद्र कुमार, राष्ट्रीय उच्च शिक्षा प्रभारी राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ रहे। डॉ धर्मेंद्र सिंह प्राचार्य उदय प्रताप कॉलेज वाराणसी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में अन्य विशिष्ट लोगों में प्रदेश संयुक्त महामंत्री डॉ उदयन मिश्रा, प्रदेश संयुक्त मंत्री एवं वाराणसी के जिलाध्यक्ष शशांक कुमार पांडेय"शेखर", मंडलीय महामंत्री आनंद कुमार सिंह रहे। कार्यक्रम का संचालन गीता गुप्ता, कुमुद सिंह ने संयुक्त रूप से किया धन्यवाद ज्ञापन डा० रमा रूखैयार ने किया। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के महिला अधिवेशन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष शशांक कुमार पांडेय ने जिला महिला विंग का मनोनयन किया। कार्यकारी जिला

अध्यक्ष ज्योति प्रकाश तथा जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को दी बधाई व शुभकामनाएं। डॉ रमा रुखैयार बनी अध्यक्ष, कुमुद सिंह बनी महामंत्री अन्य पदाधिकारियों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष आरती गुप्ता, उपाध्यक्ष प्रीति सिंह, रीना वर्मा, साधना सिंह, मनीषा सिंह, पूजा कन्नौजिया, जिला मंत्री साधना श्रीवास्तव, आभा तिवारी, प्रीति पांडेय, यशोदा नंदा, रचना पांडेय, प्रिया सिंह, रेखा श्रीवास्तव, जिला संयुक्त मंत्री विनीता शर्मा, मधु सिंह, सुनीता सिंह, संध्या शर्मा, जिला प्रचार मंत्री शालिनी जायसवाल बनायी गयी साथ ही अनुराधा सिंह को राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ वाराणसी के मेन विंग में जिला उपाध्यक्ष डॉ अनिल यादव को जिला मंत्री एवं अजय सिंह को जिला संयुक्त मंत्री बनाया गया। कार्यक्रम में कार्यकारी जिला अध्यक्ष ज्योति प्रकाश,जिला महामंत्री आनंद कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री प्रभाकर द्विवेदी,जिला कोषाध्यक्ष डा० दिनेश चंद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश पाल,अनिल कुमार सिंह, संजीव त्रिपाठी,आशा पाठक, रितु ओबराय, सुधारानी, दीपिका सिंह, अनुराधा भार्गव,ममता पटेल,प्रीति गुप्ता, सुनीता चतुवेर्दी, संध्या शर्मा, प्रशांत मोहन गिरी,अरविंद द्विवेदी, सुशील कुमार,गोपेश यादव,राजन सिंह, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षिकाओं एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

गोरखपुर में आज रचा जाएगा ड्रोन शो का इतिहास

प्रखर गोरखपुर। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजनों की श्रृंखला में सोमवार को गोरखपुर में ड्रोन शो का इतिहास रचा जाएगा। देश में अब तक के सबसे बड़े ड्रोन शो का साक्षी बनने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं मौजूद रहेंगे। आजादी के आंदोलन में ऐतिहासिक काकोरी ट्रेन एक्शन के अमर सेनानियों की याद में होने वाले इस कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी और प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह भी सम्मिलित होंगे। पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने रविवार देर शाम ड्रोन शो का रिहर्सल कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया। प्रदेश सरकार की तरफ से 15 दिसंबर से मनाए जा रहे काकोरी बलिदान दिवस समारोह के आखिरी दिन 19 दिसंबर (सोमवार) को शाम पांच बजे से महंत दिग्विजयनाथ स्मृति पार्क में ड्रोन शो से जगे आजादी की गाथा और इसमें गोरखपुर के योगदान का सतरंगी प्रदर्शन किया जाएगा। शो में 750 ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। इस लिहाज से यह देश का सबसे बड़ा ड्रोन शो होगा।

गरीबों व असहायों में बटा कंबल

प्रखर मिजार्मुराद वाराणसी। क्षेत्र के छतेरी मानपुर, चित्रसेनपुर, बिहड़ा, खंदक गांव में सोमवार की दोपहर राजस्व विभाग तहसील राजातालाब के माध्यम से प्रत्येक गांव में 20-20 असहायों में ठंड से बचने हेतु मुसहर बस्ती में महिलाओं व पुरुषों में कम्बल वितरण किया गया।इस दौरान लेखपाल सुधीर त्रिपाठी, जय प्रकाश राय, संदीप सिंह, प्रमुदित व प्रधान पति चित्रसेनपुर रूपनारायण पटेल, छतेरी प्रधान राम जी, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।लेखपाल सुधीर त्रिपाठी ने बताया की सरकार द्वारा तहसील के माध्यम से गांवों में जो लोग असहाय है उन लोगो को ठंड से बचने हेतु कम्बल वितरण किया जा रहा है।क्षेत्र में आज 20 लोगो को चिन्हित कर के कम्बल दिया गया है।

तमंचा कारतूस संग भारी मात्रा में शराब बनाने वाले उपकरण सहित 4 गिरफ्तार

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शराब तस्करों के खिलाफ जनपद पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए भारी मात्रा में शराब, शराब बनाने वाले उपकरण, अवैध तम्मचा 315 बोर व कारतूस सहित दो मोटरसाइकिल सहित चार अभियुक्तों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए दी ।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के नियंत्रण के लिए चलाये जा रहे अभियान अवैध रूप से अवैध, निर्माण और बिक्री रोकने के क्रम में रविवार को शादियाबाद थाने की टीम चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति की वजह से अभियुक्त की तलाश में क्षेत्र के मनिहारी बाजार में मौजूद थे। इसी दौरान हंसराजपुर की ओर से संविलंस टीम प्रभारी तथा थानाध्यक्ष खानपुर वा व टीम गाजीपुर से मनिहारी बाजार में पहुंचे। सभी लोग अपराध और अपराधियों के विषय में आपस में

बातचीत कर रहे थे कि जरिये सूचनादाता सूचना मिली कि दो मोटर साइकिल से कुछ अवैध शराब लेकर बरईपारा गांव की ओर से मुख्य सड़क पर कहीं भी आने की फिराक में हैं। इस सूचना पर सभी पुलिस बल ग्राम बरईपारा को जाने वाले सड़क गेट के सामने मुख्य मार्ग पर आने वाले व्यक्तियों की महत्वपूर्ण जांच करने लगे । चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिल सवारों को मुख्य सड़क से स्टेट बने गेट पर ही पुलिस बल द्वारा घसीटा गया।अभियुक्तों के कब्जे से बरामद बोरी को खोलकर देखा तो कुल 200 शीशी शराब बरामद हुई। जिसपर अग्रेंजी में एनवी ग्रुप एक्साइज बांबे व्हिस्की 180एम एल 42.8% वीआईवी(25 अप) अंकित था। पकड़े गए की तस्करो में अभियुक्त दीपक यादव स्व इंद्रदेव यादव निवासी बरठी थाना नंदगंज जनपद गाजीपुर से एक अवैध तमंचा 315 एक जिंदा कारतूस बरामद हुई। जब कड़ाई से पूछताछ की गई तो पंकज यादव के घर के बगल में कटरेन सेट कमरा में उस स्थान पर चले गए। वहाँ पर 50-50 लीटर के 10 जर्किन में रखी शराब और 32 ग्लासी पैक की हुई शराब हुई व गिलास में 512 पीस सफेद रंग प्लास्टिक की जिस पर 180 एम एल व 487 ढक्कन का रंग काला जिस पर एनवी ग्रुपीलरी एंडंड ब्रीवरेज (पी) लिमिटेड पंजाब एक्साइज और 200 पीस रैप (स्टीकर) जिस पर अंगरेजी में बाम्बे ह्वीस्की 180एम एल 42.8% वीवी(25 यूपी) एवं बार कोड अंकित रहा। गिरफ्तार अभियुक्तों में पंकज यादव पुत्र योगेश यादव निवासी बरईपारा थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर, दीपक यादव पुत्र स्व. इन्द्रदेव यादव निवासी बरठी भट्टी नन्दगंज गाजीपुर, प्रदीप कुमार लाल पुत्रजी यादव निवासी खुटवा थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर और पप्पू सिंह यादव पुत्र बोधन सिंह यादव ग्राम डंडापुर नन्दगंज गाजीपुर रहे।

सुबह अभियुक्तों को उनके जूर्म से अवगत कराया गया और बरामदगी की पूरी सामग्री को कब्जे में लिया गया। अभियुक्त पंकज यादव पर तीन, दीपक यादव पर सात, प्रदीप उर्फ सोनू यादव पर एक और पप्पू सिंह यादव पर दो आपराधिक मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों को अदालत के अलग पेश किया गया, जहां से उन्हें अभिरक्षा में जेल भेजा गया ।अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में घनानंद त्रिपाठी प्रभारी निरीक्षक शादियाबाद, उपनिरीक्षक रामाश्रय राय स्वाट टीम प्रभारी मय टीम, उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाण्डेय शादियाबाद, पर्यवेक्षक सुनील कुमार तिवारी संविलांस टीम प्रभार, उपनिरीक्षक संजय कुमार निगम वारंट खानपुर, मुख्य आरक्षी प्रेमशंकर सिंह संविलांस टीम , आरक्षी अजय कुमार गुप्ता, दिलीप कुमार, श्यामल यादव व संदीप पाण्डेय थाना शादियाबाद, संविलंस टीम के आरक्षी आशुतोष सिंह, प्रमोद सरोज, राकेश सोनकर, अजय प्रसाद व ओमप्रकाश तथा थाना खानपुर के आरक्षी आकाश सिंह, विनोद कुमार, राहुल कुमार रविशंकर शंकर शामिल रहे ।

अयोध्या में पर्यटकों के लिए अहम पड़ाव बना लता मंगेशकर चौक

लता मंगेशकर चौक लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है, जिसके केंद्र में एक छोटा सा टैंक है, जिसके बीच में विशाल वीणा है, जो देखने वालों की जिज्ञासा को बढ़ाती है

अयोध्या (भाषा)। अयोध्या के मध्य में स्थित लता मंगेशकर चौक स्थानीय लोगों और यहां आने वाले उन पर्यटकों के लिए एक पड़ाव बन गया है, जो चौराहे से राम मंदिर की ओर अपनी यात्रा शुरू करते हैं।

'भारतरत्न' दिवंगत लता मंगेशकर की 93वीं जयंती पर उनके सम्मान में राज्य सरकार द्वारा निर्मित चौक का उद्घाटन इसी वर्ष 28 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल माध्यम से किया था, इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वहां मौजूद थे। मध्य प्रदेश के ऊना के एक पर्यटक महेंद्र राणा ने कहा, 'यह लता मंगेशकर जी को एक बड़ी श्रद्धांजलि है। हम सभी इसे देखकर वास्तव में प्रसन्न हैं।' फैजाबाद की ओर जाने वाली सड़क पर स्थित, चौक एक तरफ सरयू घाट (नया घाट) और राम पथ को जोड़ता है, जो निर्माणाधीन राम मंदिर की ओर जाता है। यहीं पर अधिकांश पर्यटक शहर और मंदिर की अपनी यात्रा शुरू करते हैं। 21 वर्षीय कॉलेज छात्र अजीत पांडे ने कहा, 'मैं अयोध्या से हूं, हम इस चौक को नया घाट चौक के नाम से जानते हैं। मुझे इस बात की खुशी है कि अब इसे एक ऐतिहासिक स्थल के रूप में विकसित किया गया है। हम यहां रुकते हैं और सोशल मीडिया पोस्ट के लिए तस्वीरें लेते हैं।' गोलचक्कर पर लगी 14 टन वजनी 40 फुट लंबी वीणा के पास उन्होंने अपने दोस्त की तस्वीरें लीं।

यहां लाउडस्पीकर पर राम भजन की धुन बजती है। कुछ बाहर की सीमा पर खड़े होते हैं जबकि अन्य अपनी आगे की यात्रा पर निकलने से पहले तस्वीरें और सेल्फी लेने के लिए अंदर आते हैं। झांसी निवासी अभिषेक पाल सिंह परिवार सहित गोलचक्कर पर कुछ देर रुके। उन्होंने कहा 'हम चार साल बाद अयोध्या आए हैं। चौक एक स्वागत योग्य बदलाव है। पिछली बार यह स्थान ट्रैफिक से भरा हुआ था। यहां कुछ तस्वीरें लेने के बाद, हम राम मंदिर जाएंगे और शाम को सरयू घाट पर आरती में शामिल होंगे।'

लता मंगेशकर चौक, लाल बलुआ पत्थर से निर्मित है, जिसके केंद्र में एक छोटा सा टैंक है, जिसके बीच से विशाल वीणा है, जो देखने वालों की जिज्ञासा को बढ़ाती है। यह वाद्य यंत्र भारतीय शास्त्रीय संगीत में एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और इसे विद्या की देवी सरस्वती के वाद्य यंत्र के रूप में जाना जाता है। टैंक के अंदर लता मंगेशकर के 92 साल के लंबे जीवन के प्रतीक 92 सफेद संगमरमर के कमल हैं। अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विशाल सिंह ने कहा, 'परियोजना की निर्माण लागत लगभग 7.90 करोड़ रुपये थी। वीणा को 'पद्म पुरस्कार' से सम्मानित राम वी सुतार नेडिजाइन किया है, जिन्हें गुजरात में 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी' के डिजाइन का श्रेय भी दिया जाता है।

चौक के दोनों ओर पुलिस चौकी स्थित है। राम पथ के किनारे स्थित पुलिस चौकी के ठीक सामने एक एलसीडी स्क्रीन है जिस पर राम मंदिर निर्माण का एक एनीमेशन और दीप दीपावली समारोह के वीडियो दिखते हैं। यहां एक पुलिस चौकी है जिस पर अयोध्या पुलिस लिखा हुआ है। लेकिन जब 'पीटीआई' ने इसका दौरा किया, तो वहां कोई नहीं था और भाजपा नेताओं की तस्वीरों वाला एक बड़ा पोस्टर लटका हुआ था।

गोलचक्कर पर एक बस स्टैंड के बगल में भगवान राम और लक्ष्मण को लिए हुए भगवान हनुमान की 15 फुट ऊंची मूर्ति भी शहर में आने वालों के लिए एक आकर्षण का केंद्र है। सुर साम्राज्ञी भारत रत्न लता मंगेशकर चौक की तस्वीर वाला एक पोस्टर स्टैंड पर लगा हुआ है। इसमें राम मंदिर की तस्वीर भी है।

चौक के उद्घाटन के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि गायिका की आवाज की मिठास ने उन्हें हर बार मंत्रमुग्ध कर दिया था। उन्होंने कहा, 'चाहे वह 'श्री रामचंद्र कृपालु भज मन, हरण भव भय दारुनम' मंत्र हो या मीराबाई के 'पायो जी मैंने राम रतन धन पायो' और महात्मा गांधी के पसंदीदा 'वैष्णव जन' जैसे भजन हों, कई देशवासियों ने उनके गीतों के माध्यम से भगवान राम के दर्शन किए।'

नयनतारा की फिल्म कनेक्ट का हिंदी ट्रेलर रिलीज

मुंबई (वार्ता)। दक्षिण भारतीय अभिनेत्री नयनतारा की तमिल फिल्म कनेक्ट का हिंदी में ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है।

फिल्म कन्केट के मेकर्स ने फिल्म के तमिल वर्जन की रिलीज के ठीक 1 हफ्ते बाद हिंदी में रिलीज करने का फैसला किया है। इस फिल्म का हिंदी ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म के ट्रेलर में एक खुशहाल परिवार को दिखाया गया है, जो दुनिया भर में फैली महामारी के कारण अलग-अलग जगहों पर फंस गए हैं।

राउडी पिक्चर्स के तहत विग्नेश शिवन द्वारा निर्मित,'कनेक्ट' अश्विन सरवन द्वारा निर्देशित हैं। फिल्म में नयनतारा लीड रोल में हैं, वहीं सत्यराज, अनुपम खेर और विनय राय भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म अश्विन सरवनन और काव्या रामकुमार द्वारा लिखी गई हैं। कनेक्ट एक हॉरर थ्रिलर है जो 30 दिसंबर को हिन्दी में रिलीज होगी।

भारत की सरगम कौशल को मिसेज वर्ल्ड 2022 का ताज, 21 साल बाद भारत लौटा खिताब



नई दिल्ली (भाषा)। सरगम कौशल ने मिसेज वर्ल्ड 2022 का खिताब जीता है, जो 63 देशों की प्रतियोगियों के बीच विजेता बनी हैं। यह खिताब 21 साल बाद भारत लौटा है।

अमेरिका की मिसेज वर्ल्ड 2021 शायलिन फोर्ड ने शनिवार शाम वेस्टगेट लास वेगास रिज़ॉर्ट एंड कसीनो में आयोजित एक कार्यक्रम में मुंबई की कौशल को ताज पहनाया। मिसेज पोलिनेशिया को 'फर्स्ट रनर-अप (प्रथम उपविजेता)' और उसके बाद मिसेज कनाडा को 'सेकेंड रनर-अप (दूसरी उपविजेता)' घोषित किया गया। मिसेज इंडिया पेजेंट ने रविवार को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पेज पर विजेता की घोषणा की। पोस्ट में कहा गया, 'लंबा इंतजार खत्म हो गया है, 21 साल बाद हमारे पास खिताब वापस आ गया है।' कार्यक्रम के बाद एक वीडियो में जम्मू कश्मीर की रहने वालीं मिसेज वर्ल्ड ने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं। लव यू इंडिया, लव यू वर्ल्ड।'

सिंगर रिहाना ने नवजात बेटे की तस्वीर की साझा

■ **लॉस एंजिल्स (आईएएनएस)।**



हॉलीवुड की सिंगर रिहाना ने बॉयफ्रेंड रॉकी के साथ टिक टॉक पर अपने बेबी बॉय का पहला लुक साझा किया है।

मैगजीन की रिपोर्ट के अनुसार, वीडियो में, दंपति को बेटे के साथ खुश देखा जा सकता है। इसमें रिहाना अपने बेटे से बात कर रही हैं। इस वीडियो में गायिका ने बहुत ही प्यारा कैप्शन भी साझा किया है। अभी तक बेटे का नाम कपल ने साझा नहीं किया है। सूत्र ने कहा था कि मई में रिहाना और रॉकी ने अपने पहले बच्चे का स्वागत किया। उस समय, कपल बच्चे के साथ लॉस एंजिल्स में घर पर थे। वे दोनों माता-पिता बनने को लेकर काफी उत्साहित हैं। रिहाना पहले से ही एक अच्छी मां है। ग्रैमी विजेता ने पहली बार जनवरी में खुलासा किया कि वह रॉकी के साथ अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रही थी। अपनी गर्भावस्था के दौरान, रिहाना ने प्रतिष्ठित मातृत्व शैलियों का प्रदर्शन किया था।

3 बार एवरेस्ट फतह करने वाली अनीता कुंडू की संघर्ष गाथा

चंडीगढ़ (भाषा)। मात्र 12 साल की उम्र में अपने पिता को खो देने और अपनी दो बहनों एवं एक भाई के पालन-पोषण के लिए दूध बेचकर अपनी मां की मदद करने वाली अनीता कुंडू ने तमाम संघर्षों के बावजूद पर्वतारोही बनने के अपने सपने को साकार किया।

हरियाणा की पुलिस निरीक्षक कुंडू ने माउंट एवरेस्ट को तीन बार फतह किया है। अगले साल एक और बार पर्वत चढ़ने की योजना बना रही हैं। अपने पिता की मौत के बाद सामने आई चुनौतियों को याद करते हुए कुंडू ने कहा, 2001 में जब वह 12 साल की थीं, तब उनके पिता का निधन हो गया था।

12 साल की उम्र में पिता को खो दिया

दो बहनों एवं एक भाई के पालन-पोषण के लिए दूध बेचकर मां की मदद की

हरियाणा की पुलिस निरीक्षक ने तमाम संघर्षों के बावजूद पर्वतारोही बनने का सपना साकार किया

वर्ष 2013 और 2019 के बीच दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट को सफलतापूर्वक फतह करने वाली पुलिस निरीक्षक ने कहा, मेरे पिता मुझे एक शीर्ष खिलाड़ी के रूप में देखना चाहते थे। अपनी मां के सहयोग से मैंने अपनी दो बहनों और भाई की देखभाल की। परिवार पर आई इस त्रासदी से बाहर आना आसान नहीं था, लेकिन मेरे पिता के शब्दों ने मुझे प्रोत्साहन दिया।

हरियाणा के हिसार जिले में फरीदपुर की रहने वाले कुंडू ने कहा, मेरे पिता कहा करते थे कि कैसी भी स्थिति हो, तुम्हें लड़ना होगा और उसे एक चुनौती के रूप में लेना होगा। उन शब्दों ने मुझे आगे बढ़ने की ताकत दी। शुरू में वह स्कूल जाने के साथ साथ दूध भी बेचती थीं। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाली कुंडू ने कहा, मैं सुबह चार बजे से देर रात तक कड़ी मेहनत करती थी। बचपन से ही उनमें कुछ अलग करने का जज्बा था। समय के साथ साहसिक खेलों में उनकी रुचि विकसित हुई, हालांकि उनके पिता चाहते थे कि वह एक मुक्केबाज बने। कुंडू 2008 में पुलिस सेवा में शामिल हुई और उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारियों से पर्वतारोही बनने की इच्छा जताई। उन्होंने आधुनिक पर्वतारोहण पाठ्यक्रमों में दाखिला लिया और बिना भोजन या पानी के भी अत्यंत ऊंचाई पर प्रतिकूल परिस्थितियों में जीवित रहने का प्रशिक्षण लिया।

33 वर्षीय कुंडू ने कहा, मैंने पहली बार 2013 में नेपाल की ओर से माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। मैं 2015 में फिर से चोटी को फतह करने के लिए निकली थी, लेकिन भूकंप के कारण बीच में ही लौटना पड़ा। मैंने 2017 में चीन की तरफ से एवरेस्ट को फतह किया और 2019 में मैंने फिर से एवरेस्ट को फतह किया। दो साल पहले तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार प्राप्त करने वाली कुंडू ने कहा, उन्होंने अन्य महाद्वीपों की भी चोटियों को फतह किया है। करनाल में तैनात कुंडू युवाओं को प्रेरित करने के लिए नियमित रूप से विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों के कार्यक्रमों में शिरकत करती हैं।

'रानीवास टीला' विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया स्तूप से एक किलोमीटर उत्तर में स्थित है

'रानीवास टीला' को संरक्षित स्मारक की सूची में शामिल करने के लिए भेजी रिपोर्ट

पटना (भाषा)। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के पटना सर्कल ने अपने दिल्ली मुख्यालय को विश्व प्रसिद्ध बौद्ध स्थल पूर्वी चंपारण जिला के केसरिया स्तूप से एक किलोमीटर उत्तर स्थित 'रानीवास टीला' को संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल किए जाने को लेकर एक रिपोर्ट भेजी है। एएसआई पटना सर्कल ने इसी तरह के दो और स्थलों कैमूर जिले के बसाहन में 'अशोक के शिलालेख' और भागलपुर में विक्रमशिला स्थल के पास 'जंगलिस्तान क्षेत्र में टीला' से संबंधित प्रस्ताव मुख्यालय को पूर्व में भेजा था।

एएसआई पटना सर्कल की अधीक्षण पुरातत्वविद गौतमी भट्टाचार्य ने कहा, 'पटना सर्कल के संरक्षण प्रस्तावों को एएसआई मुख्यालय द्वारा स्वीकार किए जाने के बाद ये प्राचीन स्थल केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की सूची में शामिल हो जाएंगे। एएसआई मुख्यालय ने हमसे 'रानीवास टीले' के बारे में कुछ स्पष्टीकरण मांगा था। हमने 30 नवंबर को एएसआई के संरक्षित स्मारकों की सूची में इसे शामिल करने के लिए एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है।' उन्होंने कहा कि हम इस स्थल की आगे की पुरातात्विक जांच भी चाहते हैं। भट्टाचार्य ने कहा, 'इससे पहले टीले की प्रकृति और क्षेत्र की बौद्ध स्थापना और ऐतिहासिकता को समझने के लिए इस साइट के एएसआई द्वारा खुदाई की योजना बनाई गई थी। मठ की कोठरियां आयताकार हैं और इनमें एक सुंदर द्वार और आंगन के साथ स्तंभों वाला बरामदा है। एक महत्वपूर्ण खोज टेराकोटा सीलिंग की थी। इसमें शिलालेख की एक पंक्ति के बाद शीर्ष पर एक स्तूप का चित्रण किया गया है।' उन्होंने कहा, 'मिट्टी के बर्तनों में आम तौर पर लाल बर्तन हैं। हालांकि काले रंग के कुछ टुकड़े भी पाए गए हैं। घुंडीदार ढक्कन, कटोरे आदि मुख्य रूप से देखे जाने योग्य आकार हैं। खुदाई के दौरान अलंकृत ईंटें और टेराकोटा एवं पत्थर की निर्मित अन्य उल्लेखनीय सामग्री मिली हैं। इसके अलावा भागलपुर में विक्रमशिला स्थल के पास जंगलिस्तान में टीले और कैमूर के बसहन में अशोक के शिलालेख के संरक्षण के प्रस्ताव भी एएसआई मुख्यालय के पास लंबित हैं। एएसआई, पटना के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, 'अशोक शिलालेख स्थल कैमूर में है और सूची में शामिल करने की सिफारिश 2008 में भेजी गई थी। इसके बाद 2010 और 2021 में सिफारिशें भेजी गईं।

हर्ष फायरिंग करके क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्राइस युवक द्वारा किया गया

प्रखर गोरखपुर। गोरखपुर जिले के खोराबार थाना क्षेत्र के कुष्मी बाजार निवासी सूरज जायसवाल द्वारा हर्ष फायरिंग के आधार पर क्षेत्र में दहशत फैलाने का प्रयास किया गया । नीरज पासवान द्वारा आरोप लगाया गया कि ना तो हमसे जमीन के नाम पर ना पैसा भी और ना ही जमीन हमको वापस किया जा रहा है। और हम लोगों के मानसिक आर्थिक और शारीरिक से तीनों तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है सूरज जयसवाल के साथ उनके कुछ मित्र भी शामिल है। उन्होंने लिखित तहरीर देखा संबंधित थाने में शिकायत भी किया है। इस मुद्दे पर दूसरे पर से और प्रसादा में किसी अधिकारी ने कैमरे के सामने कुछ भी बोलने से मना कर दिया।

बढ़ते ठंड में नागरिकों ने पालिका प्रशासन से अलाव जलाने की मांग

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। बढ़ते हुए ठंड में शाम ढलते ही चट्टी चौराहों पर आम दिनों की अपेक्षा सियापा छा जा रहा है वही नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से अलाव जलाने की मांग की है इन दिनों न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क जा रहा है। ठंड के बीच सर्द हवा लोगों को अलाव की तरफ जाने को विवश कर रही है। वही नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन से अलाव की मांग की है। दिलचस्प यह भी है कि चुनावी मौसम के बावजूद चेयरमैन की कुर्सी का सपना देख रहे प्रत्याशी भी अपनी तरफ से अलाव जलाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं।

बीजेपी कार्यसमिति की बैठक में चुनाव जीतने पर हुई चर्चा

प्रखर केराकत जौनपुर। नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर बीजेपी के मछलीशहर जिला कार्यसमिति की रविवार को केराकत में बैठक हुई। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रभारी केके सिंह ने चुनाव जीतने का टिप्स बताया। बैठक को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ब्रम्हदेव मिश्रा, सुशील उपाध्याय, अपराजिता सोनकर, अरुण कुमार राय, मुराहु राजभर शैलेश पांडेय, रामविलास पाल आदि ने भी संबोधित किया। बैठक की शुरूआत पार्टी के संस्थापक पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर के आगे दीप प्रज्वलित और पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। जिला उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक बृजेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। बैठक में राकेश शुक्ला, बृजनाथ दूबे, आशा मौर्या, राजेश सोनकर, प्रकाश पाण्डेय, राजेन्द्र श्रीवास्तव, प्रहलाद यादव सहित जिले भर के पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। संचालन डॉ अजय कुमार सिंह ने किया।

ट्रक ने सामने चल रही ट्रक को मारी टक्कर

प्रखर जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के बजरंग नगर चौकी अंतर्गत बीती रात लगभग 12 बजे बजरंगनगर सेनापुर मोड के सामने वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ तेजी से जा रही ट्रक को पीछे से आ रही ट्रक ने मारी टक्कर चालक गंभीर रूप से हुआ घायल।गौरतलब हो कि ट्रक चालक राहुल यादव 35 वर्ष वाराणसी से आजमगढ़ की तरफ जा रहा था जैसे ही बजरंगनगर बाजार के सेनापुर मोड के समीप पहुंचा कि ट्रक का संतुलन खराब हो गया और सामने चल रही ट्रक को टक्कर मार दी।टक्कर इतना भयानक था कि ट्रक के परखच्चे उड़ गये घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे बजरंगनगर चौकी प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने मौजूद लोगो की मदद से ट्रक चालक को ट्रैक से बाहर निकाल उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरीबारी भेजा।टक्कर की आवाज सुन आस पास के लोगो की भीड़ इकट्ठा होते देख दूसरा ट्रक चालक मौके से फरार हो गया घायल ट्रक चालक देवरिया जिला का बताया जा रहा है।

दुष्कर्म और बेईमानी के दो वारंटी पकड़े गए

प्रखर केराकत जौनपुर। केराकत कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और बेईमानी के दो वारंटियों कोरविवार को अलग-अलग स्थित उनके घरों से गिरफ्तार कर सम्बन्धित न्यायालय में चालान भेज दिया। पकड़े गए दुष्कर्म मामले के आरोपी का नाम भरत कुमार है वह इसी थाना क्षेत्र के गंगोली गांव का रहने वाला है जबकि बेईमानी के मामले का आरोपी अभिमन्यु और मन्नू भी इसी थाना क्षेत्र के देवाकल पुर गांव का रहने वाला है।कोतवाल संजय कुमार वर्मा ने बताया कि दोनों के खिलाफ मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है। कोर्ट की नोटिस के बाद भी दोनों कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। दोनों आरोपियों को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया।

सलमान का 24 दिन बाद भी पता नहीं

प्रखर रामनगर वाराणसी। गोलाघाट निवासी इमरान पुत्र सलीम द्वारा 26 / 11/ 2022 को थाना रामनगर में अपने भाई सलमान पुत्र सलीम की लिखाई गई गुमशुदगी का अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। घरवालों को आशंका है कि उसके दोस्तों द्वारा उसकी हत्या कर लाश को ठिकाने लगा दिया गया है।गायब सलमान, के भाई इमरान ने बताया है कि उसका भाई अपनी ससुराल गांव मन्नापुर से दिनांक 20/11/2022 रविवार के दिन लगभग 12:00 बजे दिन में राम नगर के मोहल्ला वारीगड़ही निवासी अपने दोस्त के यहां निमंत्रण में गया था लेकिन जब रात में घर वापस नहीं आया तो घरवालों को घबराहट होने लगी, चार-पांच दिन तक तो घर वालों ने रिश्तेदारों के घर तथा इधर-उधर बहुत ढूंढा लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला तो आखिर में उसके भाई इमरान ने 26 -11- 2022 को रामनगर थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट लिखाई , लेकिन अभी तक पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा।घरवालों ने अखबार के माध्यम से पुलिस कमिश्नरेट से सलमान का पता लगाने की गुहार लगाई है।

ऑस्टियोआर्थराइटिस रोगियों का इलाज कराएंगे सोनू सूद

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद ऑस्टियोआर्थराइटिस बीमारी से जूझ रहे लोगों का इलाज कराएंगे।

सोनू सूद ने एक बार फिर जरूरतमंदों की मदद करने का फैसला लिया है। सोनू सूद के चैरिटी संस्थान 'सूद चैरिटी फाउंडेशन' ने घुटने की बीमारी से पीड़ित रोगियों की मदद करने के लिए 'कदम बढ़ाए जा' अभियान शुरू किया है, जिसके तहत वह ऑस्टियोआर्थराइटिस बीमारी से जूझ रहे मरीजों का इलाज कराने में उनकी मदद करेंगे।

सोनू सूद ने बताया, 50 साल की उम्र के बाद से ऑस्टियोआर्थराइटिस बीमारी लोगों के बीच बेहद कॉमन हो जाती है। गंभीर मामलों में रोगी को दर्द से राहत देने के लिए टोटल नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत होती है। जिसे सभी लोग अफोर्ड नहीं कर सकते हैं। इसलिए सूद चैरिटी फाउंडेशन की मुहिम के जरिए हम ऐसे जरूरतमंद मरीजों को मदद पहुंचाने की कोशिश करेंगे, जिससे उनकी जिंदगी पहले जैसी हो सके। जब मैं अपने बच्चों को चलना सिखाने वाले वरिष्ठ नागरिकों को खुद चलने में असमर्थ देखता हूं तो मुझे बहुत तकलीफ होती है। मुझे यह समझ नहीं आता कि लोग अपने माता-पिता के स्वास्थ्य की चिंता क्यों नहीं करते हैं। हमारा समाज बुजुर्गों के लिए क्यों कुछ भी नहीं करता है। मैं इस अभियान के साथ इस अंतर को खत्म करना चाहता हूं। मैं नहीं चाहता कि कोई बुजुर्ग इलाज करवाने में अक्षम हो।

सूद चैरिटी फाउंडेशन' ने घुटने की बीमारी से पीड़ित रोगियों की मदद करने के लिए 'कदम बढ़ाए जा' अभियान शुरू किया

संक्षिप्त खबरें

जेएसपीएल निवेश करेगी

नई दिल्ली। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) के प्रबंध निदेशक विमलेंद्र झा ने कहा कि कंपनी विशेष इस्पात के लिए पीएलआई योजना के तहत 7,930 करोड़ रुपए खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि इस निवेश के तहत देश में आठ प्रकार के उच्च गुणवत्ता वाले एलॉय बनाए जाएंगे। जेएसपीएल सरकार की उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत योग्य है। इस योजना का मकसद घरेलू इस्पात क्षेत्र में नई तकनीकों का इस्तेमाल करके मूल्य वर्धित उत्पादन को बढ़ाना है। पीएलआई योजना के तहत निवेश की जाने वाली राशि के बारे में पूछने पर झा ने कहा, 'पीएलआई योजना (विशेष स्टील के लिए) के लिए हमारी प्रतिबद्धता लगभग 7,930 करोड़ रुपए होगी।'

कर संग्रह 26 फीसद बढ़ा

नई दिल्ली। सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में में अब तक 26 प्रतिशत बढ़कर 13.63 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गया है। इस वृद्धि में स्रोत पर कर कटौती (टीडीएस) और कारपोरेट अग्रिम कर संग्रह के बेहतर प्रदर्शन का विशेष योगदान रहा है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसके मुताबिक, रिफंड के समायोजन के बाद चालू वित्त वर्ष में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 11.35 लाख करोड़ रुपए रहा। इसमें व्यक्तिगत और कारपोरेट कर शामिल हैं। यह बजट में पूरे साल के लिए निर्धारित लक्ष्य का करीब 80 प्रतिशत है। चालू वित्त वर्ष के लिए प्रत्यक्ष कर संग्रह का बजट अनुमान 14.20 लाख करोड़ रुपए था। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने एक बयान में कहा कि 17 दिसम्बर, 2022 तक 2.28 लाख करोड़ रुपए के रिफंड जारी किए जा चुके हैं जो एक साल पहले की तुलना में 68 फीसद अधिक है।

खनिज ब्लाक की नीलामी

नई दिल्ली। सरकार ने अगले महीने छह खनिज ब्लाकों की नीलामी की योजना बनाई है। इन ब्लाकों में तीन बाक्साइट की खदानें हैं और तीन चूना पत्थर के ब्लाक हैं। ये खदानें ओडिशा और राजस्थान में स्थित हैं। खान मंत्रालय की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार ओडिशा में तीन बाक्साइट ब्लाक - बल्लादा, कुट्टमाली और सिजीमाली हैं। इसके अलावा राज्य में दो चूना पत्थर की खदानों - गररामुरा और उस्कलाबगु की नीलामी की जानी है। एक अन्य चूना पत्थर का ब्लॉक राजस्थान के कोटा में स्थित है। सभी छह ब्लॉकों के लिए नवम्बर में निविदा आमंत्रित करने की सूचना जारी की गई थी। एमएमडीआर अधिनियम, 1957 में 2015 में संशोधन किए जाने के बाद से 30 नवंबर तक 10 राज्यों में कुल 216 खनिज ब्लाकों की नीलामी की गई है।

एफपीआई ने निवेश किया

नई दिल्ली। अमेरिका में मुद्रास्फीति में नरमी और तेल के दामों में स्थिरता आने के बीच विदेशी निवेशकों ने भारतीय इक्विटी बाजारों में दिसम्बर महीने में अब तक करीब 10,555 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है। नवम्बर में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने भारतीय बाजारों में 36,200 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश किया था। डिपाजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि एक से 16 दिसम्बर के बीच एफपीआई ने 10,555 करोड़ रुपए का शुद्ध निवेश किया है और इसके पीछे वजह डालर सूचकांक का कमजोर पड़ना और काफी हद तक सकारात्मक व्यापक आर्थिक रूझान हैं। इससे पहले, सितम्बर में विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से 7,624 करोड़ रुपए और अक्टूबर में आठ करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की थी।(एजेंसियां)

दो साल बाद नए साल पर होटल-रिसोर्ट के कमरों की बुकिंग हुई फुल

■ बीते दो साल महामारी के चलते पसरा रहा था सन्नाटा ■ लोनावाला, गोवा, केरल व शिमला के ज्यादातर होटल फुल

नई दिल्ली (भाषा)।

घरेलू आतिथ्य उद्योग इस बार क्रिसमस और नए साल के मौके पर भरपूर फायदा उठाने के लिए तैयार है। महामारी के चलते पिछले दो वर्षों में कारोबार बुरी तरह प्रभावित होने के बाद इस बार कई होटलों और रिसॉर्ट के कमरे पूरी तरह बुक हो गए है।

आतिथ्य कारोबार से जुड़े लोगों के मुताबिक इस बार गोवा, केरल और शिमला जैसे पारंपरिक लोकप्रिय स्थानों के अलावा लोनावाला, विशाखापट्टनम, धर्मशाला, उदयपुर, मनाली और गिर जैसे गंतव्यों के लिए अच्छी मांग देखी जा रही है। एपीजे सुरेंद्र पार्क होटल्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक विजय दीवान ने ई-मेल के जवाब में कहा, 'साल के अंत में त्योहारी सीजन काफी सकारात्मक नजर आ रहा है और यह साल आतिथ्य क्षेत्र के लिए अब तक के सबसे अच्छे वर्षों में से एक होगा।'

महिंद्रा हॉलीडेज एंड रिसॉर्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ कविंदर सिंह ने कहा, 'वास्तव में यह 2020 के बाद पहला सही क्रिसमस और नया साल होगा, हमारे कुछ रिसोर्ट में दिसम्बर में एक भी कमरा उपलब्ध नहीं है, क्योंकि लोगों ने सभी को बुक कर लिया है।' सिंह ने कहा कि लोग गोवा जैसे लोकप्रिय स्थलों के अलावा कूर्ग, गिर, शिमला और मनाली जा रहे है, जबकि कुछ सिंगापुर और दुबई जैसे स्थानों की यात्रा भी कर रहे है।

होटल एसोसिएशन आफ इंडिया के उपाध्यक्ष के बी काचरू ने कहा कि कमरों की एडवांस बुकिंग बहुत तेज है और लोगों में काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि आगामी शादी के सीजन के लिए भी मांग में तेजी है।

- विंटर सीजन में छुट्टियां मनाने को बेताब हैं पर्यटक
- पर्यटक स्थलों पर होटल रूम की मांग में हुई वृद्धि
- घरेलू पर्यटक स्थलों के साथ लोग दुबई, सिंगापुर की भी करा रहे बुकिंग
- होटल मालिकों ने कहा इस बार विंटर सीजन बहुत अच्छा रहने की है उम्मीद
- कमरों की एडवांस बुकिंग में आई काफी तेजी
- क्रिसमस व नववर्ष में खूब निकलते हैं पर्यटक

सिंगापुर के चांगी हवाईअड्डे से पुणे के बीच हवाई संपर्क जुड़ा

सिंगापुर (भाषा)।

सिंगापुर के चांगी हवाईअड्डे का सभी दक्षिण एशियाई शहरों से संपर्क महामारी-पूर्व स्तर पर पहुंच गया है और अब पुणे भी इस नेटवर्क में शामिल हो गया है।

परिवहन मंत्री एस. ईश्वरन के हवाले से प्रकाशित एक रिपोर्ट के मुताबिक, चांगी हवाईअड्डे से प्रतिदिन 1,50,000 यात्री गुजरते है। इस प्रकार एक हफ्ते में यात्रियों की संख्या लगभग दस लाख या महामारी से पहले की यात्रियों की औसत साप्ताहिक संख्या का करीब 75 फीसद है।

रिपोर्ट में कहा ग या है कि पहले दस महीनों में हवाईअड्डे से 2.36 करोड़ यात्री गुजरे और यात्री यातायात के लिहाज से आस्ट्रेलिया, भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड प्रमुख है।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र के 364 प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ी

■ लागत में हुई साढ़े चार लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की बढ़ोतरी

नई दिल्ली (भाषा)।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक के खर्च वाली 364 परियोजनाओं की लागत तय अनुमान से 4.52 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा बढ़ गई है। एक आधिकारिक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपए या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,476 परियोजनाओं में से 364 की लागत बढ़ गई है, जबकि 756 परियोजनाएं देरी से चल रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 'इन 1,476 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 20,84,124.75 करोड़ रुपए थी, लेकिन अब इसके बढ़कर 25,36,179.03 करोड़ रुपए हो जाने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 21.69 प्रतिशत यानी 4,52,054.28 करोड़ रुपए बढ़ गई है।'



रिपोर्ट के अनुसार नवम्बर 2022 तक इन परियोजनाओं पर 13,67,245.45 करोड़ रु पए खर्च हो चुके है, जो कुल अनुमानित लागत का 53.91 प्रतिशत है। मंत्रालय ने कहा है कि यदि परियोजनाओं के पूरा होने की संशोधित समयसीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 513 पर आ जाएगी।

इन परियोजनाओं में देरी के लिए कोविड-19 महामारी के चलते लागू किए गए लॉकडाउन को प्रमुख कारण बताया गया है।

चाय एवं कॉफी के मसौदा विधेयकों पर नीति आयोग से चर्चा करेगा वाणिज्य मंत्रालय

नई दिल्ली (भाषा)।

वाणिज्य मंत्रालय चाय, कॉफी, मसाले, रबर और तंबाकू जैसी नकदी फसलों से संबंधित पांच मसौदा विधेयकों पर नीति आयोग के साथ नए सिरे से चर्चा कर सकता है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

इस साल की शुरुआत में मंत्रालय ने इन क्षेत्रों पर दशकों पुराने कानूनों को निरस्त करने और नया कानून लाने का प्रस्ताव दिया था। इस कवायद का मकसद इन उत्पादों के विकास को बढ़ावा देना और व्यवसायों के लिए अनुकूल वातावरण बनाना था। अधिकारी ने कहा, 'नीति आयोग ने इन पांच विधेयकों पर मंत्रालय के समक्ष कुछ आपत्तियां जताई है। इन मुद्दों पर हाल ही में वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक बैठक में चर्चा हुई थी। नीति आयोग ने इस पर फिर से विचार करने का सुझाव दिया है और मंत्रालय ने इस पर मदद मांगी है।'

नीति आयोग ने मसौदा मसाला विधेयक, 2022; मसौदा रबड़ विधेयक, 2022; मसौदा कॉफी विधेयक, 2022; मसौदा चाय विधेयक, 2022 और मसौदा तंबाकू बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2022 पर अपनी राय दी है।

देशभर में 'इंडिपेंडेंस' के नाम से पेश होंगे रिलायंस के एफएमसीजी प्रोडक्ट

■ आईटीसी, पतंजलि, टाटा और अडाणी समूह के उत्पादों से रहेगी कंपनी की प्रतिस्पर्धा

नई दिल्ली (भाषा)।

अरबपति कारोबारी मुकेश अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस समह की तरफ से रोजमर्रा के उपभोग वाली वस्तुओं (एफएमसीजी) को 'इंडिपेंडेंस' ब्रांड के तहत पेश किए जाने की घोषणा के साथ अब समूह का मुकाबला आईटीसी, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड और अडाणी विल्मर जैसे एफएमसीजी दिग्गजों से होगा।



रिलायंस रिटेल ने बीते सप्ताह गुजरात में अपने एफएमसीजी ब्रांड 'इंडिपेंडेंस' को पेश किया था। कंपनी ने इस ब्रांड को राष्ट्रीय स्तर पर पेश करने की योजना बनाई है। इस ब्रांड को देश की प्रमुख खुदरा फर्म रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (आरआरवीएल) की अनुषंगी कंपनी एवं एफएमसीजी इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरसीपीएल) द्वारा पेश किया गया है। कंपनी ने बयान में कहा कि 'इंडिपेंडेंस' ब्रांड के तहत कई श्रेणियों के उत्पादों की एक श्रृंखला पेश की जाएगी। इसमें रोजाना इस्तेमाल वाला अनाज, प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ और अन्य दैनिक उपभोग की वस्तुएं शामिल है।

ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने कहा, 'रिलायंस को खाद्य तेल, अनाज और दालों में अडाणी विल्मर के साथ मुकाबला करना होगा। इसी तरह बिस्कुट, खाद्य तेल, आटा खंड में पतंजलि फूड्स के साथ, बिस्कुट में पारले और ब्रिटानिया के साथ, दालों, पानी और मसालों में टाटा कंज्यूमर के साथ और आटा, बिस्कुट खंड में आईटीसी के साथ प्रतिस्पर्धा करनी होगी।'

इंडिपेंडेंस ब्रांड के तहत उत्पाद फिलहाल जियो मार्ट ऐप और रिलायंस रिटेल स्टोर में मिलेंगे। आने वाले महीनों में इनके वितरण को किराने की दुकानों तक बढ़ाने की योजना है।

कू ने पुराने ट्वीट को माइग्रेट करने की पेशकश की

नई दिल्ली (भाषा)। माइक्रो ब्लॉगिंग मंच ट्विटर के भारतीय प्रतिद्वंद्वी 'कू' ने ट्विटर उपयोगकर्ताओं के लिए सभी पुराने ट्वीट्स को अपने मंच पर ले जाने की पेशकश की है। यह पेशकश उन लोगों के लिए है, जो ट्विटर से कू के मंच पर स्थानांतरित होने के इच्छुक हैं।

कू के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अप्रमेय राधाकृष्ण ने कहा कि उनकी कंपनी आगे भी सत्यापन चिह्न देने के लिए उपयोगकर्ताओं से कोई शुल्क नहीं लेगी।

एलन मस्क ने गत अक्टूबर में 44 अरब डालर में ट्विटर का अधिग्रहण करने के बाद उसके कई वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया था। इसके साथ ही ट्विटर की मॉडरेशन नीतियों में बदलाव और खाता सत्यापन के लिए शुल्क लेने की बात कही गई।

ट्विटर ने हाल में कई वरिष्ठ पत्रकारों के खातों को भी बिना किसी चेतावनी के निलंबित कर दिया था। हालांकि, सरकारी अधिकारियों, पत्रकार संगठनों और पैरोकारी समूहों की कड़ी आलोचना के बाद उन खातों को उसे बहाल करना पड़ा। इस बीच भारतीय भाषाओं में अपने विचार व्यक्त करने का मंच मुहैया कराने वाले कू के उपयोगकर्ताओं की संख्या पांच करोड़ डाउनलोड का आंकड़ा पार कर चुकी है।

कू ने अब ट्विटर उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इसके तहत स्व-सत्यापन और एक निःशुल्क पीले सत्यापन बैज की पेशकश की जा रही है। ताजा पेशकश के तहत कू ने किसी भी पुराने ट्वीट को अपने मंच पर ले जाने की पेशकश की है।

वाहन उद्योग की वृद्धि की रफ्तार बनी रहने की उम्मीद

नई दिल्ली (भाषा)। कोविड-19 के आघात से उबरने के बाद भारतीय वाहन उद्योग ने नए उत्सर्जन एवं सुरक्षा मानकों की वजह से बढ़ती लागत और ब्याज दरों में हो रही बढ़ोतरी के बावजूद वर्ष 2023 में सतत विकास की रफ्तार बनाए रखने की उम्मीद लगाई हुई है। कुछ दिनों में खत्म होने वाला साल 2022 भारतीय वाहन उद्योग के लिए बेहतरीन साबित हुआ है। आपूर्ति श्रृंखला की बाधाओं और सेमीकंडक्टर की कमी का असर होने के बावजूद वर्ष 2022 में यात्री वाहन (पीवी) खंड में रिकार्ड बिक्री दर्ज किए जाने की संभावना दिख रही है। लेकिन दोपहिया वाहनों की बिक्री में साल के अधिकांश समय तक उछाल नहीं देखी गई है।

वाहन उद्योग के मुताबिक, इस साल यात्री वाहनों की बिक्री करीब 38 लाख इकाई तक पहुंच सकती है। तिपहिया और वाणिज्यिक वाहन खंड में भी पिछले साल की तुलना में अच्छी वृद्धि देखी गई है। वाहन विनिर्माता इस गति को अगले साल में भी जारी रखने के लिए उत्सुक होंगे। उद्योग पर्यवेक्षकों के मुताबिक, वर्ष 2023 में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने में भी तेजी देखने को मिलेगी। वर्ष 2022 में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री में तेजी देखी गई है खासकर दोपहिया खंड में। हालांकि नए साल में वाहन खरीदने की इच्छा रखने वालों के लिए खबर शायद अच्छी न हो। इसकी वजह यह है कि अगले साल वाहन की कीमतें बढ़ने वाली है।

मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और हुंडई जैसी कई कंपनियां पहले ही कह चुकी है कि वे जनवरी से कीमतें बढ़ाने जा रही है। इसके अलावा, बढ़ती ब्याज दरों और बिगड़ती वैश्विक आर्थिक स्थिति का आने वाले दिनों में भारत पर पड़ने वाला असर भी भारतीय वाहन उद्योग को सतर्क रहने को मजबूर किए हुए है।

निर्यातकों ने बजट में समर्थन उपायों की मांग की

नई दिल्ली (भाषा)।

निर्यातकों ने देश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए आगामी आम बजट में बिजली शुल्क में छूट और आसानी से ऋण उपलब्धता जैसे उपायों की मांग की है।

निर्यातकों के अनुसार निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट (आरओडीटीईपी) योजना की प्रतिपूर्ति के साथ ही निर्यात प्रोत्साहन और अन्य पहलों को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने इसके लिए वित्त मंत्रालय द्वारा वाणिज्य विभाग को उचित धन उपलब्ध कराने की जरूरत पर भी जोर दिया।

आरओडीटीईपी के तहत विभिन्न केंद्रीय और राज्य शुल्क, लागत उत्पादों पर लगाए गए कर और लेवी और इस तरह के अन्य करों को वापस कर दिया जाता है। उन्होंने निर्यात को बढ़ावा देने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए सीमा शुल्क में कुछ बदलाव और सस्ती दरों पर कर्ज उपलब्ध कराने का सुझाव भी दिया।

ईस्टर्न रेलवे की बांग्लादेश रेलवे के साथ बैठक

नई दिल्ली (वि.)।

भारतीय रेल अपनी स्थापना के समय से ही पड़ोसी देश बांग्लादेश को रेलवे के आधुनिकीकरण की दिशा में निरंतर सहयोग करता रहा है।

इन्हीं प्रयासों को निरंतर जारी रखने के लिए ईस्टर्न रेलवे और बांग्लादेश रेलवे के प्रतिनिधिमंडल के बीच एक उच्चस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। भारतीय रेलवे, बांग्लादेश रेलवे को अत्याधुनिक रोलिंग स्टाक से लैस और सशक्त बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है। इसी के चलते भारत से 20 ब्राडगेज इंजनों की आपूर्ति पर भी बैठक में विचार विमर्श किया गया। यह इंजन अदुदान के आधार पर बांग्लादेश को उपलब्ध कराए गए हैं।

इस अहम बैठक में पूर्वी रेलवे के महाप्रबंधक अरुण अरोड़ा, अतिरिक्त महाप्रबंधक डा. जयदीप गुप्ता, विभागाध्यक्ष और हावड़ा और सियालदह के मंडल रेल प्रबंधकों ने भाग लिया। बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व शेख सकिल उद्दीन अहमद, संयुक्त सचिव, रेल मंत्रालय ने किया जबकि बांग्लादेश के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सकिलउद्दीन अहमद, संयुक्त सचिव, रेल मंत्रालय, बांग्लादेश और शाह शुफी नूर मोहम्मद, डीआरएम/पाक्षी डिवीजन, बांग्लादेश रेलवे ने किया।

सूक्ष्म वित्त कर्ज बांटने में तमिलनाडु अव्वल, बिहार दूसरे स्थान पर

■ सितम्बर में खत्म तिमाही में सूक्ष्म वित्त कर्ज 11% बढ़ा ■ 13 बैंकों ने बांटे इस सेक्टर को सबसे ज्यादा कर्ज

नई दिल्ली (भाषा)।

देश में सूक्ष्म-वित्त कर्ज बांटने में तमिलनाडु अव्वल रहा है जबकि दूसरे स्थान पर बिहार रहा है। सूक्ष्म वित्त कर्ज चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में करीब 11 फीसद बढ़कर 71,916 करोड़ रुपए हो गया जबकि एक साल पहले की समान अवधि में यह 64,899 करोड़ रुपए था। उद्योग के आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

'माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस नेटवर्क' (एमएफआईएन) की 'एमएफआईएन माइक्रोमीटर' रिपोर्ट के मुताबिक, वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में कुल 1.81 करोड़ कर्ज आवंटित किए गए जबकि 2021-22 की दूसरी तिमाही में दिए गए कर्ज की संख्या 1.85 करोड़ थी।

इस रिपोर्ट में कहा गया कि सितम्बर 2022 के अंत तक देश का कुल सूक्ष्म वित्त कर्ज पोर्टफोलियो तीन लाख करोड़ रु पए से अधिक रहा। ये कर्ज 6.2 करोड़ कर्जदारों को 12 करोड़ कर्ज खातों में दिए गए। रिपोर्ट के मुताबिक, 'सूक्ष्म वित्त उद्योग का मौजूदा कुल सकल कर्ज पोर्टफोलियो 30 सितम्बर 2022 तक 3,00,974 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वर्ष के 2,43,737 करोड़ रुपए की तुलना में सालाना आधार पर 23.5 फीसद अधिक है।' सूक्ष्म कर्ज आवंटन में से सर्वाधिक 37.7 फीसद की हिस्सेदारी 13 बैंकों की है जिन्होंने 1,13,565 करोड़ रुपए के कर्ज बांटे।

दूसरे स्थान पर गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियां एवं सूक्ष्म वित्त संस्थान है जिन्होंने 1,10,418 करोड़ रुपए का कर्ज दिया जो इस उद्योग के कुल कर्ज का 36.7 फीसद है। लघु वित्त बैंकों का कुल कर्ज आवंटन 50,029 करोड़ रुपए यानी कुल कर्ज का 16.6 फीसद है। रिपोर्ट में कहा गया कि समीक्षाधीन तिमाही में प्रति खाता औसत कर्ज वितरण 40,571 रुपये है और यह सालाना आधार पर 12 फीसद अधिक है। सूक्ष्म वित्त के सक्रिय कर्ज खाते 30 सितम्बर तक, बीते 12 महीनों में 14.2 फीसद बढ़कर 12 करोड़ हो गए।

सूक्ष्म-वित्त कर्ज वितरण के मामले में तमिलनाडु सबसे आगे रहा जिसके बाद बिहार और पश्चिम बंगाल का स्थान है।

10 मूल्यवान कंपनियों में से नौ का पूंजीकरण घटा

नई दिल्ली (भाषा)। शेयर बाजारों में गिरावट के बीच पिछले सप्ताह 10 सर्वाधिक मूल्यवान कंपनियों में से नौ का बाजार पूंजीकरण संयुक्त रूप से 1,22,092.9 करोड़ रुपए घट गया। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सूचकांक 843.86 अंक या 1.36 फीसद टूटा था। इस दौरान एचडीएफसी बैंक को छोड़कर शेष सभी नौ कंपनियों के बाजार मूल्यांकन में गिरावट देखी गई। इनमें टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं।

रिलायंस का बाजार पूंजीकरण 29,767.66 करोड़ रुपए घटकर 17,35,405.81 करोड़ रुपए रह गया। टीसीएस को अपने बाजार मूल्यांकन में 19,960.12 करोड़ रुपए की गिरावट का सामना करना पड़ा। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 19,722.3 करोड़ रु पए घटकर 6,29,380.54 करोड़ रुपए और इंफोसिस का मूल्यांकन 19,567.57 करोड़ रु पए घटकर 6,40,617.19 करोड़ रुपए रह गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 11,935.92 करोड़ रुपए घटकर 6,27,434.85 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,735.86 करोड़ रुपए घटकर 5,38,421.83 करोड़ रुपए रह गया। एयरटेल, अडाणी एंटरप्राइजेज और एचडीएफसी के बाजार पूंजीकरण में भी गिरावट हुई।

मेसी मैजिक से दो गोल : अर्जेंटीना बना फीफा वर्ल्ड कप चैंपियन, एम्बाप्पे की हैट्रिक बेकार

एजेंसी ▶▶ दोहा

दुनिया के महानतम फुटबॉल खिलाड़ियों में एक लियोनल मेसी और युवा स्टार किलियन एम्बाप्पे ने अपने नाम के अनुरुप प्रदर्शन किया। मेसी ने दो तो एम्बाप्पे ने तीन गोल दागे। लियोनल मेसी ने मैच में पहला गोल 23वें मिनट में पेनल्टी पर किया। वह एक विश्व कप के सभी नॉकआउट मैचों में गोल करने वाले दुनिया के पहले फुटबॉलर बन गए। उनके बाद एंजेल डी मारिया 36वें मिनट में गोल कर अर्जेंटीना को 2-0 से आगे कर दिया।

हाफटाइम तक अर्जेंटीना की टीम 2-0 से आगे थी। हाफटाइम के बाद दोनों टीमों ने लगातार हमले किए, लेकिन गोल नहीं निकल पा रहे थे। 80 मिनट तक तो ऐसा लगा कि अर्जेंटीना अब मैच को आसानी से जीत लेगा, लेकिन किलियन एम्बाप्पे ने दो मिनट में दो गोल कर मैच को पलट दिया। उन्होंने 80वें और 81वें मिनट में गोल कर दिया।

निर्धारित समय तक स्कोर : 2-2
अतिरिक्त समय में रिजल्ट : 3-3
पेनल्टी शूटऑउट स्कोर : 4-2

एक्स्ट्रा टाइम पर भी बराबरी

निर्धारित 90 मिनट तक स्कोर 2-2 की बराबरी पर रहने के बाद मुकाबला एक्स्ट्रा टाइम में पहुंच गया। वहां दोनों टीमों को 15-15 मिनट के दो हाफ मिले। लियोनल मेसी ने 108वें मिनट में गोल कर मैच में अर्जेंटीना को 3-2 से आगे कर दिया। एक बार फिर लगा कि अर्जेंटीना जीत के करीब पहुंच गया है, लेकिन उसके राह में किलियन एम्बाप्पे फिर से खड़े हो गए। उन्होंने 117वें मिनट में गोल कर मैच को 3-3 की बराबरी पर ला दिया। इसके बाद मैच पेनल्टी शूटआउट में पहुंच गया। वहां अर्जेंटीना ने मुकाबले को 4-2 से अपने नाम कर लिया।

मैच के रोचक आंकड़े

अर्जेंटीना 1978 और 1986 में चैंपियन बनने के बाद 2022 में विजेता बना। उसे खिताब जीतने में 36 साल लग गए। सिर्फ इटली के ही दो खिताब जीतने में इससे ज्यादा सालों का अंतराल है। वह 1938 के बाद 1982 में चैंपियन बना था। उसे खिताब जीतने में 44 साल लग गए थे। विश्व कप पिछले तीन मौकों पर डिफेंडिंग चैंपियन अगले फाइनल में हारा है। फ्रांस ने इस मामले में अर्जेंटीना और ब्राजील की बराबरी की है। अर्जेंटीना 1986 में जीतने के बाद 1990 में फाइनल हार गया था। वहीं, ब्राजील 1994 में जीतने के बाद 1998 में हारा था। अर्जेंटीना विश्व कप में सबसे ज्यादा पेनल्टी शूटआउट जीतने वाला देश है। वह छठी बार ऐसा करने में सफल रहा।

सर्वाधिक गोल स्कोरर

खिलाड़ी	गोल	देश
मिरोस्लाव क्लोसे	16	जर्मनी
रोनाल्डो नजारियो	15	ब्राजील
गर्ड म्यूलर	14	पश्चिम जर्मनी
जस्ट फोंटेन	13	फ्रांस
लियोनेल मेस्सी	13	अर्जेंटीना
पेले	12	ब्राजील
काइलियान एमबाप्पे	12	फ्रांस

मेसी ने खेला रिकॉर्ड 26वां मैच

खिलाड़ी	देश	वर्ष	मैच
लियोनेल मेसी	अर्जेंटीना	(2006-22)	26
लोथर मथाउस	जर्मनी	1982-98	25
मिरोस्लाव क्लोज	जर्मनी	2002-14	24
पाओलो मालदिनी	इटली	1990-2002	23
क्रिस्टियानो रोनाल्डो	पुर्तगाल	2006-22	22
उवे सीलर	पश्चिम जर्मनी	1958-70	21
व्लादिस्लाव जमुदा	पोलैंड	1974-86	21
डिएगो माराडोना	अर्जेंटीना	1982-94	21

अब तक के विजेता

देश	चैंपियन
ब्राजील	(1958, 1962, 1970, 1994, 2002)
जर्मनी	(1954, 1974, 1990, 2014)
इटली	(1934, 1938, 1982, 2006)
अर्जेंटीना	(1978, 1986, 2022)
फ्रांस	(1998, 2018)
उरुग्वे	(1930, 1950)
इंग्लैंड	(1966)
स्पेन	(2010)

खबर संक्षेप

स्नेहा आठ भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ गोल्फर

कार्टाजेना। स्नेहा सिंह 'एलईरटी क्वालीफाइंग स्कूल' स्पर्धा के फाइनल क्वालीफायर के पहले दौर के बाद संयुक्त 14वें स्थान के साथ आठ भारतीय गोल्फरों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर है। इस स्पर्धा में 146 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। स्नेहा ने पार-73 के कोर्स पर दो अंडर 71 का स्कोर बनाया है। वह शीर्ष पर काबिज नीदरलैंड की एमेच्योर खिलाड़ी अमाली लेथ-नीसेन से पांच शॉट पीछे है। लेथ-नीसेन ने शुरुआती दौर में सात अंडर 64 का कार्ड खेला। अन्य भारतीयों में सहर अटवाल 70 के स्कोर के साथ 30वें, शर्मिला निकोलेट (इवन पार 73) और नेहा त्रिपाठी (इवन पार 71) संयुक्त रूप से 42वें स्थान पर है।

इंग्लैंड की टीम से जुड़े रहेंगे साउथगेट

दोहा। इंग्लैंड के कोच गैरेथ साउथगेट ने पुष्टि की है कि वह फुटबॉल विश्व कप के बाद भी टीम के साथ जुड़े रहेंगे। साउथगेट ने

विश्व कप क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के खिलाफ शिकस्त के बाद कहा था कि उन्हें अपने भविष्य पर विचार करने के लिए समय चाहिए। साउथगेट ने हालांकि अपने पद को लेकर बनी अनिश्चितता को खत्म करते हुए फुटबॉल एसोसिएशन को 2024 में यूरोपीय चैंपियनशिप में टीम का मार्गदर्शन करने की अपनी इच्छा से अवगत कराया है।

भारत जीता, टेस्ट चैंपियनशिप में बने वर्ल्ड नंबर-2

एजेंसी ▶▶ चटगांव

भारत ने बांग्लादेश पर पहले टेस्ट में 188 रन से बड़ी जीत दर्ज की। भारत को पांचवें और अंतिम दिन जीत के लिए केवल चार विकेट लेने की जरूरत थी और उसने 11.2 ओवर में ही बाकी बचे विकेट हासिल कर दिए। टीम ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है।

■ कुलदीप ने मैच में 113 रन देकर झटके 8 विकेट

जीत के हीरो चाइनामैन गेंदबाज कुलदीप यादव और अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा रहे। कुलदीप प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने 40 रन बनाने के साथ दोनों पारियों में 8 विकेट

चटकाए। इस जीत से भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। भारत के अब 87 अंक हो गए हैं और उसका प्रतिशत 55.77 है। उसके बाद दक्षिण अफ्रीका (72) का नंबर आता है जिसका पीसीटी 54.55 है। श्रीलंका के 64 अंक हैं और उसका पीसीटी 53.33 है। ऑस्ट्रेलिया 75 पीसीटी के साथ तालिका में शीर्ष पर है।

भारत ने 13 में से 7 मैच जीते हैं। जबकि 2 ड्रॉ रहे हैं। टीम को 4 मैचों में पराजय का मुंह देखना पड़ा है।

कुलदीप बने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

प्लेयर ऑफद मैच कुलदीप ने पहली पारी में पांच विकेट हासिल किए थे जबकि दूसरी पारी में उन्होंने तीन विकेट लिए। इस तरह से उन्होंने मैच में 113 रन देकर आठ विकेट अपने नाम दर्ज किए जो कि उनका किसी एक टेस्ट मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। स्पिनर अक्षर पटेल ने दूसरी पारी में 77 रन देकर चार विकेट लिए।

गिल, पुजारा के शतक

भारत ने अपनी पहली पारी में 404 रन बनाने के बाद बांग्लादेश को 150 रन पर आउट कर दिया था। भारत ने शुभमन गिल (110) और चेतेश्वर पुजारा (नाबाद 102) के शतकों की मदद से अपनी दूसरी पारी दो विकेट पर 258 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। बांग्लादेश की दूसरी पारी 324 रन पर सिमट गई। दोनों टीम के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट मैच 22 दिसंबर से मीरपुर में खेला जाएगा।

फाइनल राउंड में कुमारन ने जीती 2 रेस, विनित नोविस कैटेगरी में आगे

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

चेन्नई के काइल कुमारन ने शनिवार को कारी मोटर स्पीडवे पर 25वीं जेके टायर एफएमएससीआई नेशनल रेसिंग चैंपियनशिप के फाइनल राउंड में जेके टायर नोविस कप श्रेणी में पहली दो रेस जीत ली है। हालांकि दिन की तीसरी रेस में काइल दुर्घटनाग्रस्त हो गए जिसका फायदा विनीत कुमार ने उठाया।

विनीत 60 अंकों के साथ अब चैंपियनशिप लीडर हैं। रविवार की आखिरी रेस के साथ वर्चुअल शूटआउट होने के कारण दोनों में सिर्फ दो अंकों का अंतर है। 2.3 किमी लंबे ट्रैक पर काइल ने दिखाया कि उनका ध्यान ग्रैंड फिनाले

सप्ताहांत चैंपियनशिप के चौथे दौर के लिए था। जेके रेसिंग चैंपियनशिप का यह 25वां साल है और इसका महत्व और भी बढ़ गया है। जेके टायर नोविस कप की दौड़ भी कठिन हुई। टॉप 3 के बीच अब ज्यादा अंतर नहीं है। चेन्नई के काइल ने कहा कि मैंने अपने ऊपर किसी तरह के दबाव के बारे में नहीं सोचा। मैं मानसिक रूप से अच्छी तरह से तैयार था और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

एक घंटा, 12 मिनट और 49 सेकंड में लियोनार्ड ने पूरी की दूरी

बार्सोटन, जीसा ने जीती कोलकाता 25के मैराथन

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

कीनिया के लियोनार्ड बार्सोटन और इथियोपिया में रहने वाली बहरीन की एथलीट डेसी जीसा ने रविवार को यहां नए कोर्स रिकॉर्ड के साथ टाटा स्टील कोलकाता 25के (25 किमी) मैराथन में क्रमशः पुरुषों और महिलाओं का खिताब जीता।

बार्सोटन ने 25 किमी में अपने खिताब का शानदार तरीके से बचाव किया और 2019 में बनाए गए अपने रिकॉर्ड को तोड़ा। उन्होंने एक घंटा, 12 मिनट और 49 सेकंड में यह दूरी पूरी की। इस एथलीट ने 2019 में एक घंटा, 13 मिनट और पांच सेकंड का समय लेकर जीत हासिल की थी। महिला वर्ग में जीसा ने लगभग एक मिनट के अंतर से नया कोर्स रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने एक घंटा, 21 मिनट और चार सेकंड का समय लेकर एक घंटा, 22 मिनट और नौ सेकंड के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ा। पिछला रिकॉर्ड इथियोपिया की गुटेनी शोन के नाम पर था। बार्सोटन और जीसा को अपने-अपने वर्ग में शीर्ष पर रहने के लिए 7500 डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। इसके अलावा कोर्स रिकॉर्ड बनाने के लिए इन दोनों में से प्रत्येक को 3000 डॉलर का बोनस भी दिया गया। पुरुषों के एलीट वर्ग में इथियोपिया के बरहानु लेगेस (1:12:54) और राष्ट्रमंडल खेलों के मैराथन चैंपियन युगांडा के विक्टर किपलंगाट (1:12:56) क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में इथियोपिया के जेनेबा यिमर (1:21:18) और युगांडा की मर्सीलाइन चेलंगट (1:21:31) ने दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया।

पाल और संजीवनी रहे भारतीयों में अव्वल

भारतीय एलीट पुरुष वर्ग में अमेठी में जन्मे अभिषेक पाल ने पहला स्थान हासिल किया जिसके लिए उन्हें 275000 रुपए की इनामी राशि मिली। अभिषेक ने एक घंटा, 17 मिनट और 52 सेकेंड का समय लेकर दौड़ पूरी की। भारतीयों में महिला वर्ग में संजीवनी बाबूराव यादव ने पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने एक घंटा, 34 मिनट और 23 सेकंड का समय लिया। भारतीय पुरुष वर्ग में कालिदास हीरावे (1:117:57) ने दूसरा और श्रीनू बुगाथा (1:18:25) ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिला वर्ग में मोनिका चौधरी (1:37:00) दूसरे और रीनू सिंह (1:39:11) तीसरे स्थान पर रहीं।

भारत क्रिकेट का आध्यात्मिक घर डब्लूआईपीएल अगला मोर्चा : पैरी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारत को 'विश्व क्रिकेट का आध्यात्मिक घर' बताते हुए ऑस्ट्रेलिया की स्टार ऑलराउंडर एलिस पैरी ने कहा कि अगले साल मार्च में होने वाला महिला आईपीएल महिलाओं के खेल का अगला मोर्चा होगा। अस्थाई तौर पर डब्लूआईपीएल को मार्च 2023 में आयोजित करने की योजना है और भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने हाल ही में 2023-2027 की अवधि के लिए टूर्नामेंट के मीडिया अधिकार देने के लिए निविदा जारी की थी।

पैरी ने चौथे महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया की भारत पर सात रन की जीत के बाद कहा, '(महिला) आईपीएल शानदार होने वाला है। जबरदस्त। महिलाओं के खेल के लिए अगला मोर्चा। हमने देखा है कि डब्लूबीबीएल ने ऑस्ट्रेलिया में महिला क्रिकेट के लिए क्या किया है, इंग्लैंड में द हंड्रेड और अगला कदम भारत में महिला आईपीएल है जो क्रिकेट का आध्यात्मिक घर है।'

भारत में क्रिकेट की दीवानगी के बारे में बात करते हुए आस्ट्रेलिया की 32 वर्षीय दिग्गज ने कहा, 'कभी भी भीड़ को मोबाइल को बाहर निकालकर फ्लैश लाइट चालू करके किसी टीम का समर्थन करते हुए नहीं देखा जैसा उन्होंने भारतीय पारी के दौरान किया। मेरे लिए यह आश्चर्यजनक था।

गूगल ने चीन में 7,000 से ज्यादा यूट्यूब चैनलों को किया बंद

बीजिंग, (एजेंसी)। टेक्नोलॉजी कंपनी गूगल ने पिछले महीने हजारों यूट्यूब चैनलों को हटा दिया है। इन चैनलों में 7,599 चैनल, एक एडसेंस अकाउंट और तीन ब्लॉगर अकाउंट्स शामिल हैं। ये चीन से जुड़े हैं। चीन के अकाउंट के संबंध में जांच चल रही है, जिसके तहत इन अकाउंट्स को ब्लॉक किया गया है। इस बात का ध्यान रखें कि सस्पेंड किए गए चैनल और ब्लॉग्स ने मुख्य तौर पर एंटरटेनमेंट, म्यूजिक और लाइफस्टाइल कंटेंट होता है। कंपनी के मुताबिक, इनमें चीनी और अंग्रेजी भाषा में बेहद कम कंटेंट ही चीन और अमेरिकी मामलों पर उपलब्ध होता है।

विवादास्पद कंटेंट थे

इसके अलावा कंपनी ने तीन यूट्यूब चैनल के कंटेंट को भी हटा दिया है, जो चीनी भाषा में संवेदनशील कंटेंट शेयर करते हैं। यह कंटेंट यूक्रेन में युद्ध और ताइवान के बीच संबंधों और यूक्रेन में युद्ध से जुड़ा था। अब तक कंपनी ने जांच के तहत 515 यूट्यूब चैनलों को हटाया है, जो अजरबैजान के मामलों के साथ जुड़े थे और 57 ब्राजील के मामलों पर थे।

गूगल ने कहा कि उन्होंने एक एडसेंस अकाउंट को हटा दिया है और एक डोमेन को गूगल न्यूज पर दिखने से मना कर दिया है। यह एक्शन कंपनी की जांच-पड़ताल के तहत ही किया गया है। वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने जुलाई और सितंबर 2022 के महीनों में अपने प्लेटफॉर्म से 5.6 मीलियन वीडियो को हटाया है। यह कार्रवाई उन्होंने कम्युनिटी गाइडलाइंस के उल्लंघन का हवाला देकर की है।

दो महीनों में दो लाख से ज्यादा अपील मिलीं- प्लेटफॉर्म को दो महीनों के दौरान 271,000 अपील हटाने के संबंध में मिली है। यूट्यूब ने अपने लेटेस्ट ब्लॉग में बताया है कि कंटेंट को रिव्यू करने के बाद उसने करीब 29,000 अपीलों को स्वीकार किया है।

रूस पर हुआ पीएम मोदी की बात का असर

नई दिल्ली ■ एजेंसी

मोदी की वजह से टल गया परमाणु युद्ध

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से फोन पर बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने फिर से इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन के साथ युद्ध खत्म करने का विकल्प लड़ाई नहीं बल्कि कूटनीति है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल ने इस बातचीत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि हम पीएम मोदी के कहे शब्दों का स्वागत करते हैं। अब अमेरिकी खुफिया एजेंसी सीआईए के प्रमुख बिल बर्न्स ने कहा कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल पर पीएम मोदी के विचारों का रूसियों पर प्रभाव पड़ा है।

बिल बर्न्स ने एक इंटरव्यू में कहा कि मुझे लगता है कि पीएम मोदी और शी जिनपिंग का परमाणु हथियारों के उपयोग के बारे में अपनी चिंताओं को जाहिर करना बहुत उपयोगी रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका रूस पर भी प्रभाव पड़ रहा है। दरअसल, पुतिन ने एक बयान जारी कर बताया था कि वो अपने देश के रक्षा करने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। इसका सीधा मतलब परमाणु अटैक से था।

पीएम मोदी, शी जिनपिंग का एटमी हथियारों के उपयोग के बारे में अपनी चिंताओं को जाहिर करना बहुत उपयोगी रहा: बर्न्स

पुतिन ने दी थी परमाणु युद्ध की धमकी

इस बयान के बाद यूएस प्रेसिडेंट जो बाइडेन ने कहा था कि जब व्लादिमीर पुतिन ये कह रहे हों कि वो रूस की जमीन की रक्षा के लिए उपलब्ध 'अपने सभी साधनों' का इस्तेमाल करेंगे तो वे मजाक नहीं कर रहे होंगे। बाइडन ने परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की आशंका को देखते हुए पुतिन को चेतावनी दी थी कि ऐसा करना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद सबसे गंभीर सैन्य स्थिति होगी।

सर्दियों में भी जारी रहेगा युद्धः पुतिन

पुतिन ने भयंकर सर्दी में भी युद्ध जारी रखने के ऐलान के सवाल पर बिल बर्न्स ने कहा कि मैं समझता हूं कि उन्होंने गलत दांव लगाया है। इस साल 24 फरवरी को जब उन्होंने युद्ध छेड़ा तो वे पूरी तरह गलत थे। सीआईए का मानना है कि रणनीतिक तौर पर ही सही लेकिन ठंड शुरू होने के साथ ही लड़ाई की रफ्तार धीमी हो जाएगी।'

लगातार हमले कर रहा है रूस

उन्होंने कहा कि रूसी सेना को भी इस वक्त भारी चोट पहुंची है और यूक्रेनी सेना इस दबाव को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध दिख रही है। हाल के दिनों में उसे लड़ाई के मैदान में जो सफलताएं मिली हैं उन्हें वो बरकरार रखना चाहती है। हालांकि उन्हें भी दोबारा चुस्ती के साथ मोर्चा लेने और अपनी सप्लाई को बहाल करने के लिए वक्त चाहिए।' लेकिन एक चीज है। पुतिन की सेना की ओर से यूक्रेनी नागरिकों और उनके सिविलियन इन्फ्रास्ट्रक्चरर पर हमले की भयावहता और रफ्तार में कमी नहीं आई है।'

राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा कालाखो से फिर हुई शुरू

दौसा ■ एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक निकाली जा रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का एक दिन के विश्राम के बाद राजस्थान में दौसा जिले के सिकराय क्षेत्र के कालाखो गांव से रक्वार सुबह करीब आठ बजे शुरू हुई ।

102 वां दिन

राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा का 14वां दिन है, यात्रा शनिवार को विश्राम के बाद रविवार को फिर शुरू हुई । यात्रा की शुरुआत के समय रविवार को संशोधित किया गया था और यह यात्रा सुबह छह बजे की जगह साढ़े सात बजे शुरू होनी थी लेकिन यह यात्रा लगभग आठ बजे शुरु हुई। यात्रा ने रविवार को 23 किमी का सफर तय किया और इस दौरान राज्य की कांग्रेस सरकार के चार साल की उपलब्धियों पर दौसा के सिकंदरा में एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है और दोपहर विश्राम के समय श्री गांधी ने इसका अवलोकन भी किया। इसके बाद यात्रा अपराह्न साढ़े तीन बजे सिकंदरा टोलगेट से शाम की यात्रा शुरू हुई और शाम करीब साढ़े छह बजे बांदीकुई के मुकुरपुरा चौराहे पहुंची। इसके बाद बाढ़ नागवास में यात्रा का रात्रि विश्राम हुआ।

21 साल बाद भारत को मिला मिसेज वर्ल्ड का ताज

नई दिल्ली, (एजेंसी)। भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली सरगम कौशल को रविवार को लास वेगास में आयोजित एक समारोह में मिसेज वर्ल्ड का ताज पहनाया गया। मिसेज कौशल ने 21 साल बाद यह खिताब भारत को दिलाया है। उन्होंने 63 देशों के प्रतियोगियों को पीछे छोड़ दिया।

जम्मू-कश्मीर निवासी सरगम कौशल ने जीता खिताब

मिसेज इंडिया पेजेंट के प्रबंध संगठन ने इंस्टाग्राम पर खबर शेयर करते हुए लिखा, लंबा इंतजार खत्म हुआ। 21 साल बाद हमारे पास ताज वापस आया है! जम्मू-कश्मीर की रहने वाली सरगम कौशल ने भी एक वीडियो शेयर कर बताया कि वह खिताब जीतकर कितनी खुश हैं।

सुकेश का फिर केजरीवाल व सत्येंद्र जैन पर हमला

नई दिल्ली, (एजेंसी)। मंडोली जेल में ठगी के आरोप में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर जेल से चिट्ठी लिखकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन पर हमला बोला है।

लिखी नई चिट्ठी

उसने बताया जैन की काली-भूरी डायरी में केजरीवाल गैंग का ब्यौरा दर्ज है।

चिट्ठी में आरोप लगाया है कि उपराज्यपाल की ओर से गठित उच्चाधिकार कमेटी के सामने बयान देने के बाद से जेल प्रशासन की ओर उसे धमकी दी जा रही है। साथ ही परिवार वालों को भी कई नंबरों से धमकी मिल रही है। लेकिन उसने साफ कर दिया कि वह भाजपा के दबाव में आकर कोई आरोप नहीं लगाया है और अपने बयान पर कायम है।

नासिक में मेट्रो परियोजना जल्द शुरू होगी: गडकरी

मुंबई ■ एजेंसी

केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि नासिक में जल्द ही मेट्रो परियोजना शुरू की जाएगी। मेट्रो सेवा दो चरणों में पूरी होगी। इसके लिए एक हजार छह सौ करोड़ खर्च को मंजूरी दी गई है।

मुंबई से दिल्ली तक एक लाख करोड़ से हाईवे का निर्माण पूरा

केन्द्रीय मंत्री गडकरी रविवार को यहां एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नासिक मेट्रो में चार डबल डेकर लेन होंगी। इससे नासिक रोड से द्वारका तक ट्रैफिक का दबाव कम हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि अच्छी सडके शहर के विकास को गति देंगी और निर्यात-आयात में नासिक जिला राज्य का नंबर वन जिला बनेगा।

श्री गडकरी ने कहा कि जब मैं महाराष्ट्र में मंत्री था, तब मैंने मुंबई-नासिक राजमार्ग बनाने का फैसला किया था। मुंबई से नासिक तक की पूरी सड़क सिक्स लेन की होगी। वडापे एक महत्वपूर्ण जंक्शन होगा। मुंबई से दिल्ली तक एक लाख करोड़ रु से हाईवे का निर्माण पूरा हो चुका है, सात से आठ घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकता है।

13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई जा रही सेला दर्रा सुरंग

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में हर मौसम में संपर्क साधने के लिए सेला दर्रा सुरंग बनाई जा रही है। यह सुरंग 13,000 फीट की ऊंचाई पर बनाई जा रही है। इस परियोजना से जुड़े एक कर्मचारी नंद किशोर कहते हैं कि इसका निर्माण बीआरओ (सीमा सड़क संगठन) द्वारा किया जा रहा है। इसके जुलाई 2023 तक पूरा होने की उम्मीद है।

आयरलैंड के नए पीएम होंगे लियो वराडकर

डबलिन, (एजेंसी)। आयरलैंड के पूर्व डिप्टी सीएम और फाइन गेल पार्टी के नेता लियो वराडकर को आयरलैंड की संसद के निचले सदन में मतदान के बाद आयरलैंड का नया पीएम चुना गया है। शनिवार को हुए मतदान में सदन के कुल 87 सदस्यों ने नए प्रधानमंत्री के रूप में उनके नामांकन के पक्ष में मतदान किया जबकि 62 सदस्यों ने इसके खिलाफ मतदान किया। आयरिश राष्ट्रपति माइकल डी. हिगिंस द्वारा नए प्रधान मंत्री के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद, वराडकर ने मंत्रिमंडल में फेरबदल की घोषणा की। कैबिनेट सदस्यों की एक सूची के अनुसार, पूर्व आयरिश पीएम व फियाना फेल के नेता माइकल मार्टिन नए डिप्टी सीएम होंगे।

सर्वाधिक धन अफसरशाहों के घर, उनकी जांच हो: कंछल

लखनऊ, (ब्यूरो)। पिछले सप्ताह प्रदेश के हर जनपद और तहसीलों में जीएसटी विभाग के अफसरों द्वारा व्यापारियों को डराने धमकाने और उत्पीड़न की कार्रवाई किए जाने के विरोध में रविवार को मोती नगर स्थित महाराजा अग्रसेन विद्यालय में उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की प्रांतीय कार्यकारिणी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में लगभग 57 जनपदों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

जीएसटी सर्वे छापों का डटकर होगा विरोध

प्रांतीय अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद बनवारी लाल कंछल ने सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा जीएसटी विभाग के सभी सर्वेक्षणों को स्थगित करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि उप्र का व्यापारी सरकार को जीएसटी टैक्स 24 फीसदी बढ़ाकर दे रहा है। जनपदों में व्यापारी नेताओं के सतत टेलीफोन आ रहे हैं कि अधिकारी छापे की फिर तैयारियां कर रहे हैं। कंछल ने कहा कि सबसे अधिक काला धन अगर कहीं है तो वह सरकारी नौकरशाहों के घरों में है। पिछले 2 वर्षों में केंद्र सरकार ने जिन जिन अफसरों के यहां छापेमारी की हैं उनके यहां काला धन बरामद हुआ है।

अग्निवीर योजना में कई कमी: खड़गे

नई दिल्ली, (एजेंसी)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि अग्निवीर योजना के माध्यम से सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डाल रही है और सैनिकों का मनोबल गिरा रही है।

उन्होंने कहा कि अग्निवीर योजना लाकर सरकार सेना में कटौती कर रही है और इससे अगले 10 वर्षों तक सेना में भर्ती नहीं होगी। सेना में सिपाही पद पर भर्ती नहीं होना सेना के मनोबल पर प्रहार है। मोदी सरकार ने दिल्ली हाई कोर्ट को बताया अग्निवीर को सेना के सिपाही को सलाम करना होगा। अगले 10 वर्षों के भीतर सेना में सिपाही के पद पर सीधी भर्ती नहीं होगी। केवल 4 वर्षों के लिए अग्निवीरों की भर्ती होगी।

अंबाला हाइवे पर कोहरे में 15 गाड़ियां टकराईं, चार घायल

अंबाला ■ एजेंसी

हरियाणा के अंबाला-यमुनासागर-साहरनपुर हाइवे पर कोहरे की वजह से बड़ा हादसा हो गया है। एक के बाद एक 15 गाड़ियां एक दूसरे से टकरा गईं और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए पास के अस्पताल में भर्ती करवा दिया गया है।

बताया जा रहा है कि रविवार को लगातार दूसरे दिन यमुनानगर में भारी धुंध पड़ी थी। इसी के चलते विजिबिलिटी काफी कम रही और वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हादसे की वजह से सड़क पर जाम की स्थिति बन गई है। दर्जन भर वाहन क्षतिग्रस्त बताए जा रहे हैं। पुलिस क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे पर करने का प्रयास कर रही है। एसएचओ ट्रैफिक लोकेश राणा ने वाहन चालको से अपील करते हुए कहा कि वे कोहरे में अपने वाहनों के डिपर, फोग लाइट आदि ऑन रखें और नियमों का पालन करें ताकि कोहरे में आप का भी बचाव हो सके और सामने वाले का भी। अभी के लिए क्रेन के जरिए क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाने पर जोर दिया जा रहा है। यातायात फिर सामान्य हो सके, इसलिए तेज गति से काम हो रहा है। अब ये कोई पहली बार नहीं है जब कोहरे की वजह से इस प्रकार का हादसा हुआ हो। सिर्फ जगह बदलती हैं, लेकिन सर्दी में वाहनों का यूं टकराना सामान्य रहता है।

भट्टी बने बिहार के नए डीजीपी

पटना, (एजेंसी)। बिहार सरकार ने 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी आर. एस. भट्टी को राज्य का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) बनाया है।

गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव चैतन्य प्रसाद की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी श्री भट्टी को अगले आदेश तक बिहार के नए डीजीपी के रूप में नियुक्त किया गया है। उनका नया कार्यभार मौजूदा डीजीपी एस के सिंघल के कार्यकाल की समाप्ति के बाद 19 दिसंबर से प्रभावी होगा। श्री भट्टी वर्तमान में बीएसएफ के पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के रूप में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

साहिबगंज में श्रद्धा की तरह पत्नी का मर्डर

साहिबगंज, (एजेंसी)। दिल्ली में श्रद्धा वॉलकर हत्याकांड की लोमहर्षक वारदात को देश भूला भी नहीं है कि झारखंड के साहिबगंज जिले के हत्याकांड ने प्रदेश को रुला दिया।

कटर से 18 टुकड़ों में काट दिया

साहिबगंज के बोरियो में शादीशुदा रबिका पहाड़िन (22) को कटर से 18 टुकड़ों में काट दिया गया। वह गोंडा पहाड़ की निवासी थी। शादी के बाद पति दिलदार अंसारी के साथ बेलटोला में रह रही थी। पुलिस ने उसके पति को हिरासत में ले लिया है।

अब इस लोकहर्षक घटना के बाद राज्य में राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। विपक्ष ने हेमंत सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधा, वहीं सत्ता पक्ष इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की बात कह रहे हैं।

राज्य में नहीं है कोई सुरक्षित-बाबूलाल मरांडी- राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कोई सुरक्षित नहीं है। राज्य सरकार की तुष्टिकरण की नीति के कारण संताल के पहाड़िया जनजाति का अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है।

काबुल की सुरंग में टैंकर में ब्लास्ट,19 मरे

काबुल, (एजेंसी)। अफगानिस्तान के परवान प्रांत स्थित सलांग सुरंग में एक तेल ट्रक में ब्लास्ट में कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक जख्मी हो गए। विस्फोट शाम 8.30 बजे हुआ। मृतकों में महिलाएं और बच्चे भी है। पीड़ित मलबे में फंसे हुए है और हताहतों की संख्या बढ़ सकती है।

गौरतलब है कि सलांग सुरंग हिंदू-कुश पहाड़ में नामांकित पास के क्षेत्र में समुद्र तल से 3,200 मीटर (10,499 फीट) की ऊंचाई पर स्थित है। सुरंग का निर्माण 1958-1964 में सोवियत विशेषज्ञों मुख्य रूप से मास्को मेट्रो बिल्डरों द्वारा किया गया था।

आज का इतिहास

- **1154:** किंग हेनरी द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने।
- **1842:** अमेरिका ने हवाई को प्रांत के रूप में मान्यता दी।
- **1860:** 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर जनरल रहे लार्ड डलहौजी का निधन।
- **1899:** मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमेरिकी नेता मार्टिन लूथर किंग सीनियर का जन्मदिन।
- **1919:** अमेरिका में मौसम विज्ञान सोसायटी की स्थापना हुई।
- **1927:** स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाकुल्लाह खां और रोशन सिंह को अंग्रेजों ने फांसी दे दी।
- **1934:** भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल का जन्म।
- **1941:** जर्मन तानाशाह हिटलर ने सेना की कमान अपने हाथ में ले ली।
- **1961:** गोवा को पुर्तगाल की गुलामी से आजादी मिली।

कार्यक्रम नौ मंजिला कस्टम्स हाउस कॉम्पलैक्स 'वेगई' की आधारशिला रखते हुए वित्त मंत्री ने कहा

व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने केंद्र प्रतिबद्ध

92 करोड़ की लागत से तैयार किए जाने वाले नौ मंजिला कस्टम्स हाउस कॉम्पलैक्स 'वेगई' की आधारशिला केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रखी। यह अपनी तरह की पहली ऐसी इमारत होगी जिसमें भविष्य के लिए जरूरी सभी तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा और यहां सभी हितधारकों को अपना काम पूरा करने की सुविधा दी जाएगी।

चेन्नई ■ एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार हितधारकों के लिए व्यापारिक सुविधाओं में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। यहां लगभग 92 करोड़ की लागत से तैयार किये जाने वाले नौ मंजिला कस्टम्स हाउस कॉम्पलैक्स 'वेगई' की आधारशिला रखने के दौरान आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह इमारत पूरी तरह से ग्रीन बिल्डिंग होने और पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए सभी जरूरी साजोसामान से लैस इमारत होगी।

वेगसई में काम करने का वातारण बहुत उमदा होगा और जो कस्टम विभाग मुख्यालयों से जुड़ा होगा। यह अपनी तरह की पहली ऐसी इमारत होगी जिसमें भविष्य के लिए जरूरी सभी तकनीक का इस्तेमाल किया जायेगा और यहां सभी हितधारकों को अपना काम पूरा करने की सुविधा दी जायेगी।

कार्यक्रम में अप्रत्यक्ष कर और कस्टम्स के सेंट्रल बोर्ड के चेयरमैन विवेक जॉहरी, प्रत्यक्ष कर सेंट्रल बोर्ड के नितिन गुप्ता और आयकर व कस्टमविभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी शिरकत की। देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने औपचारिक रूप से कहा कि मोदी सरकार सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों और व्यापक समुदायों समेत प्रत्येक हितधारक के लिए व्यापार सुगमता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक तौर से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि व्यापार से जुड़ी गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने पर सरकार काफी ध्यान दे रही है और इस दिशा में प्रगति भी देखी गई है।

हरित और ऊर्जा की कम खपत करने वाली बनेंगी इमारत

वित्त मंत्री ने कहा कि नई इमारत के निर्माण के अलावा इन दिनों इस बात पर भी ध्यान दिया जा रहा है कि इमारतों को बिजली की कम खपत करने वाला कैसे बनाया जाए। सीतारमण ने कहा कि एक समय था जब हम सोचते थे कि हमें कार्यालय अधिकारियों, कर्मचारियों और जरूरतों को देखते हुए बनाने हैं। आजकल हम देखते हैं कि हमारी इमारतें कैसे हरित और ऊर्जा की कम खपत करने वाली बनेंगी। उन्होंने कह कि आज जब हम कार्यालय बनाते हैं तो आयात-निर्यात एजेंट, महिला अधिकारियों और उनके बच्चों को भी ध्यान में रखते हैं।

कश्मीर में कड़ाके की ठंड शुष्क मौसम का दौर जारी

श्रीनगर ■ एजेंसी

कश्मीर घाटी में रविवार को भी कड़ाके की ठंड के साथ शुष्क मौसम और रात के तापमान में गिरावट जारी है। दक्षिण कश्मीर का पहलगाम कश्मीर घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

तापमान पर नजर

क्षेत्र	तापमान
पहलगाम	(-4.5 डिग्री)
कुपवाड़ा	(-3.8 डिग्री)
श्रीनगर	(-2.4 डिग्री)
काजीगुंड	(-2.8 डिग्री)
गुलमर्ग	(-1.5 डिग्री)
कुकरनाग	(-0.7 डिग्री)

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के दौरान जम्मू-कश्मीर में शुष्क मौसम जारी रहने का अनुमान जताया है। ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर का न्यूनतम तापमान पिछली रात के शून्य से 2.4 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले शून्य से 3.2 डिग्री से. कम रहा। सीजन की इस अवधि के दौरान तापमान सामान्य से 1.7 डिग्री से. कम रहा। दक्षिण कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में रविवार को न्यूनतम तापमान शून्य से 4.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। जबकि एक दिन पहले तापमान शून्य से 4.3 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। मौसम के इस समय के दौरान चरवाहों की इस घाटी में तापमान सामान्य से 0.1 डिग्री से. कम था।

स्व. नवल किशोर सिंह की स्मृति में समारोह का आयोजन

बुजुर्गों का आशिर्बाद जीवन की सबसे बड़ी पूंजी: अपर मुख्य सचिव सुरेश चंद्रा

प्रखर कुशीनगर। स्व नवल किशोर सिंह की 31 वीं पुण्यतिथी के अवसर पर साखोपार में आयोजित नवल स्मृति समारोह में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर चिकित्सा शिविर, प्रदर्शनी, मेला व विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें पहलवानों ने अपने कौशल का परिचय दिया। स्मृति समारोह में अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवायोजन मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि सुरेश चंद्रा ने कहा कि आज से 30 वर्ष पूर्व मैं यहां ज्वाइंट मजिस्ट्रेट था तबसे अब कुशीनगर आज विकसित हो चुका है। आप सीख लें बुजुर्गों से। आशिर्बाद ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी होती है। आप सब अपने माता पिता का नाम रोशन करें। पूर्व जिलापंचायत ध्यक्ष प्रदीप जायसवाल ने कहा कि हमारे भारतीय संस्कृति में पुरानी खेल विधा कुश्ती है। इस तरह का

आयोजन हमें भाईचारा, समाज, राष्ट्र, वसुधैव कुटुंकम का संदेश देता है। पूर्व मंत्री राजेश सिंह ने कहा कि सशक्त भारत बनाने के लिए यंग इंडिया कदम आगे बढ़ा चुका है। 70 फीसदी आबादी नौजवानों की है। खेल रुचि के अनुसार खेलें। खेल को मन से खेलो। आगे बढ़ेंगे। अतिथियों ने आयोजन के लिए एबीपीएसएस प्रदेश अजय प्रताप नारायण सिंह व परिवार की सराहना की। अतिथियों सहित स्व सिंह के परिजन बीओसीडब्ल्यू बोर्ड मेम्बर अभय प्रताप नारायण सिंह, पीयूष प्रताप नारायण सिंह, शैलेश प्रताप नारायण सिंह, अधिवक्ता कुशल प्रताप नारायण सिंह आदि ने स्व नवल किशोर सिंह व स्व विजय प्रताप नारायण सिंह के समाधि पर पुष्पार्चन किया। आयोजकों ने अतिथियों का माल्यार्पण स्वागत किया और कलाकारों, अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कुश्ती दंगल के शुभरम्भ के पहले अखाड़े पर हनुमान जी का पूजन अर्चन कर किया गया। कुश्ती का शुभारम्भ महन्थ विश्वम्भर दास, विधायक सुरेंद्र कुशवाहा, विधायक विवेकानन्द पाण्डेय, पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी, भाजपा प्रभारी रमेश सिंह, पूर्व मन्त्री छठ्ठू राम, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदम्बा सिंह, ब्लाक प्रमुख आशुतोष बहुगुणा, विक्रमा यादव, जिला कुश्ती संघ अध्यक्ष अखिलेश्वर उपाध्याय, चैयरमैन विनय जायसवाल, पूर्व मंत्री राजेश सिंह, कृष्णा नन्द तिवारी, पत्रकार सुनील चौधरी, अमित कश्यप ग्राम प्रधान व पत्रकार गण ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। 21 जोड़ हुए कुश्ती में पहलवानों ने अपने प्रतिद्वंदियों को आसमान दिखाया। महिला पहलवानों ने भी कुश्ती के जोड़ आजमाए।

अनुज हरियाणा ने प्रसाद पुर के शिवा सिंह को आसमान दिखाया। जबकि सत्येंद्र पड़रौना ने सोनू आगरा को हराया। इसी क्रम में अंगद जटहा बाजार ने रितिक हाटा, मुकेश प्रेमनगर ने फुलमान जटहा, छोटू पड़रौना ने सोनाड़ी के विकास, वीर बहादुर पड़रौना ने बरवा के अंकित, पुष्पा पड़रौना ने नन्दनी गोरखपुर को हराया। कई जोड़ी बराबर पर रही। इस अवसर पर भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। गीत संगीत सुप्रसिद्ध गायक रामदरश शर्मा, मुकेश सिंह, पिंटू प्रीतम, साक्षी श्रीवास्तव आदि ने प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर चिकित्सा कैम्प में डा. एसके सिंह, डॉ अजय शाही, डॉ नारायण, डॉ रंजीत सिंह, डॉ इंद्रजीत की टीम, डॉ देवेंद्र, डॉ वेद प्रकाश तिवारी, पवन, संतोष आदि ने मरीजों की जांच कर निःशुल्क दवा दी। उद्यान विभाग की ओर से प्रभारी मोहन पासवान, मंगनीलाल, अवधेश, संजय के देखरेख में फल व सब्जियों की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम संचालन अनूप कुमार मिश्रा व कुश्ती का पवन उपाध्याय ने किया जबकि रेफरी के रूप में बजरंगी यादव रहे।

आभार अभय प्रताप नारायण सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर सहभोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर सलमा आयत, डीके पाण्डेय, राहुल गोविन्द राव, राकेश कुमार जायसवाल, महेंद्र तिवारी, आदित्य सिंह, पप्पू पाण्डेय, विजय सिंह, चन्द्र भूषण पाण्डेय, विन्यकान्त मिश्रा, ओमप्रकाश जायसवाल, विवेक कुमार वर्मा, संजय शुक्ला, सत्यम सिंह, सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट व छेड़छाड़ का आखिर क्यों नहीं दर्ज हो रहा दबंगों के खिलाफ मुकदमा, पीड़िता मिलीं आईजी से

प्रखर चंदौली। जमीन संबंधित मामले को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर मारपीट, लूटपाट व महिला से छेड़छाड़ किये। जिसकी शिकायत पीड़िता ने मुगलसराय थाने पर की, लेकिन अबतक पीड़ित के प्रार्थनापत्र पर कोई सुनवाई न हुई न दर्ज नहीं हुआ मुकदमा। थक-हार कर पीड़िता बृहस्पतिवार को पहुंची आईजी जोन वाराणसी पास। वहां भी आश्वासन देकर थाने पर भेजा गया, फिर भी नहीं दर्ज हो रहा दबंगो के खिलाफ मुकदमा। प्रकरण के मुताबिक ग्राम बगही, पोस्ट-दुलहीपुर, थाना- पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर जनपद चन्दौली की स्थायी निवासिनी प्रार्थिनी तारा देवी पत्नी बाबू लाल सोनकर ने आरोप

लगाया है कि जमीनी रंजिश को लेकर छोटे लाल, नन्द, दशस्य पुत्रगण रामलाल सभी निवासीगण ग्राम बगही उपरोक्त चितरंजन सोनकर पुत्र स्व० सुमेर सोनकर व राजेश पटेल पुत्र स्व0 अमरनाथ पटेल, अनिल पटेल. पुत्र स्व0 चन्द्रबली पटेल निवासी दुलहीपुर के ललकारने पर निशान्त सोनकर, निखिल सोनकर पुत्रगण भाई राम सोनकर, राजेश पटेल पुत्र स्व0 अमरनाथ पटेल, अनिल पटेल पुत्र स्व० चन्द्रबली पटेल जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए खटिक माधरचोद व अन्य अपशब्दों की गालियां देते हुए अपने गाँव के अज्ञात व्यक्तियों के साथ गाली-गलौज देते हुए हाथ में लाठी च गड़ासा व टांगी लेकर चारों मकान में घुसकर दरवाजा तोड़ते हुए, तोड़ फोड़ करते हुए मेरे घर में व मेरे छोटे देवर के घर में मरम्मत कराने हेतु जो आधार बैंक शाखा पहड़िया से लोन लिया था, जिसमें घर में रखा 9,60,000/- (नौ लाख साठ हजार रूपया) नगद व गहना हार, चूड़ीया, मंगलसुत्र व मांगटीका व अन्य कीमती सामान लुट कर ले गये। 9,60,000/- (नौ लाख साठ हजार रूपया) जो कि अलग-अलग जगह रखा हुआ था जिसमें 150000/- रूपया नही मिल रहा है।

पंडित राम प्रवेश चौबे इंटर कॉलेज में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

प्रखर दानगंज वाराणसी। पंडित राम प्रवेश चौबे इंटर कॉलेज, बाबतपुर, नियार, चोलापुर का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। समारोह की मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा सिंह, सदस्य विधान परिषद ने कहा कि ग्रामीण अंचल में बच्चों द्वारा जो मनोहर कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, उसके लिए वे निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। आने वाले समय में विद्यालय और आगे जाए यह मेरी शुभकामनाएं हैं। अध्यक्षता करते हुए अवध किशोर सिंह, मंडलीय शिक्षा निदेशक, बेसिक ने कहा कि जब मैं बनारस में जिला विद्यालय निरीक्षक था तब विद्यालय की मान्यता प्रदान की गई

थी और आज इस विद्यालय में पुनः आकर मैं अभी अभिभूत हूं। इन्हीं बच्चों में से कल कोई डॉक्टर, इंजीनियर या कलेक्टर बनेगा। अतिथियों का स्वागत प्रबंधक सतीश चौबे ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रिंसिपल अभिलाषा चौबे ने किया। कार्यक्रम कोऑर्डिनेटेडर मनीष चौबे रहे। इस अवसर मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा सिंह, सदस्य विधान परिषद को स्मृति चिह्न प्रदान करते सतीश चौबे पंडित राम प्रवेश चौबे इंटर कॉलेज का भव्य मना वार्षिकोत्सव पर क्षेत्र के लगभग तीन दर्जन बुजुर्गों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. डीके दुबे, मनीष चौबे, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष राजेश पाण्डेय, प्रवक्ता अनिल सिंह, प्रभारी निरीक्षक चोलापुर दुर्गेश मिश्रा, डॉक्टर पीके दुबे, संगीता यादव,लाल जी राय,दिलीप चौबे, शांभवी मिश्रा, राजेश मिश्रा, कविता त्रिपाठी, गोल्डी पांडेय, डॉ. महिंदर मिश्रा,आशीष चौबे, विशाल चौबे,देवांश चौबे, धनंजय चौबे, विवेक सिंह, मुक्ति नारायण चौबे आदि मौजूद रहे।

श्री नीलकंठ महादेव मंदिर व श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर में शुरू हुआ रक्तदान की परंपरा

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। मलदहिया स्थित श्री नीलकंठ महादेव मंदिर व श्री शिर्डी साईं बाबा मंदिर के 11वां स्थापना दिवस पर आयोजित दो दिवसीय साईं उत्सव 2022 के अंतर्गत आज प्रथम दिन स्वास्थ्य शिविर एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है जिस में 75 लोगों ने रक्तदान किया इस अवसर पर लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया व दवा वितरण किया गया। मंदिरों में अपने इष्ट देव को जलदान, धनदान एवं पुष्प दान के परंपरा से अलग हटकर विगत 6 वर्षों से एक परंपरा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है जिसमें लोग स्वेच्छा से अपना रक्तदान करते हैं और भगवान के चरणों में अर्पित करते हैं जिससे वाह रक्त किसी जरूरतमंद को काम आ सकता है` कार्यक्रम में उद्घाटन के मुख्य अतिथि आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर मिश्रा दयालु , मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप चौधरी, हिंदू युवा वाहिनी के मंडल प्रभारी अमृत सिंह भोला कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनीश कनौजिया व इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महानगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्री प्रेम मिश्रा, अशोक जयसवाल, राम भजन अग्रहरि, जगन्नाथ अग्रहरि, गुलशन कनौजिया, आशीष कनौजिया, सत्य प्रकाश आर्य, मनीष गुप्ता, पं. सत्यम शास्त्री, सुशील गुप्ता, अनिल श्रीवास्तव, अरविंद उपाध्याय, राहुल गुप्ता, उज्जवल कनौजिया, आदित्य चौधरी, डॉ भावना द्विवेदी एवं श्री शिव प्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय ब्लड बैंक की टीम मौजूद रही।

सतलज टेक्सटाइल्स एंड दमन गंगा फैब्रिक्स में लोगों को मिल रहा रोजगार

प्रखर डेस्क। बताते चलें की कोरोना काल जब से शुरू हुआ तबसे लोगों को रोजगार की समस्या को लेकर काफी झूझना पड़ा था।और किसी किसी को तो दो वक्त की रोटी भी नसीब नहीं हो पाई।ऐसे में सभी कंपनियों ने भी अपने हाथ पांव डाल दिए थे।जब धीरे धीरे लॉकडाउन हटना शुरू हुआ तो फिर कंपनियों का आयात निर्यात शुरू हुआ। हालांकि बहुत सी कंपनियों में रोजगार मिल रहा है लेकिन ऐसे में गुजरात राज्य के वलसाड जिले में स्थित सतलज टेक्सटाइल्स एंड दमनगंगा फैब्रिक्स में कई लोगों को रोजगार मिलता है,यहां धागा के द्वारा कपड़ा तैयार किया जाता है और उसे कलर किया जाता है जिसमें तथाकथित जेट, जिगर, शाइनर स्टेन्टर, शैफ्लो, वीडीआर, जीरो जैसी आदि अन्य मशीनें भी हैं। और इस समय तो हर जगह ऐसा होता है की समय पर वेकेंसी आएगी लेकिन यहां ऐसा नहीं है। जब भी जायेंगे हर श्रेणी के रोजगार हैं, अब जैसा आपका तजुर्बा और आपकी योग्यता हो।

गौरी शंकर पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम से हुआ सम्पन्न

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सदर क्षेत्र के तुलसीसागर स्थित गौरी शंकर पब्लिक स्कूल का अभिभावक सम्मेलन रविवार को धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हरिकेश सिंह पूर्व डीन शिक्षा संकाय एवम वरिष्ठ प्रोफेसर बीएचयू ने माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर एवम दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता माता तपेश्वरी इंटर कालेज के प्रबंधक जितेन्द्र नाथ पांडेय ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से हुआ तत्पश्चात स्वागत गीत के साथ ही मंचासिन अतिथियों को माल्यार्पण कर छात्राओं ने बैच लगाया। मुख्य अतिथि हरिकेश सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि पुस्तकीय ज्ञान के साथ ही अध्यापक व्यवहार व आचरण का भी बच्चो पर प्रभाव पड़ता है जहां संस्कार आचरण और व्यवहार का सामंजस्य है तो उस विद्यार्थी से पूरे विद्यालय की पहचान बनती है। शिक्षक ही बच्चो में उन गुणों का विकास करता है जिससे वे अपना लक्ष्य प्राप्त करता है। कार्यक्रम मीरा राय समाजसेविका,अरुण कुमार सिंह तथा डा. सानंद सिंह का स्वागत बुके और माल्यार्पण कर

किया गया। बच्चो के रंगारंग कार्यक्रम में एकल नृत्य प्रथम स्थान पर रहा जबकि द्वितीय स्थान पर ताईक्वांडो एवम तृतीय स्थान पर डांडिया होली नृत्य रहा।इसके अतिरिक्त लवकुश कांड, लोक गीत, बंगाली नृत्य, हास्य एकांकी अनपढ़ता, हिंदी नाटक एवम विभाचक रेखा ने सबका ध्यान आकर्षित किया।

विद्यालय के प्रंबधक राजेश्वर सिंह ने सभी सभी अतिथियों तथा अभिभावकों का स्वागत किया तथा वर्ष 2021-22 का लेखा जोखा प्रस्तुत किया साथ ही भावी योजनाओं पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रधानाचार्य आनन्द कुमार एवम विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती रीता सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम का संचालन आराधना सिंह ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में को ऑर्डिनेटर लल्लन सिंह, उपप्रधानाचार्य चंदना बनर्जी, यूरो किड्स की प्रिंसिपल प्रियंका श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश त्रिपाठी, फहद खान, विजय शंकर राय, प्रमिला पाल, आकांक्षा पांडेय, जितेन्द्र कुशवाहा, सुधांशु राय, रूबी, गजाला, सीमा, ममता, अनुराग गुप्ता, कविता सिंह आदि ने सहभागिता की।

शिक्षा की अलख जगाने में डॉ. अवधराज की भूमिका रही महत्वपूर्ण : रमेश मिश्र

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। भाजपा विधायक रमेशचन्द्र मिश्र ने कहा कि डा. अवधराज मौर्य का पूरा जीवन समाज के लिए हमेशा समर्पित रहा है। वह समाज के हर जरूरतमंद, पिछड़ों असहायों की मदद करते थे। गरीब बेसहारा बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वह निरंतर प्रयत्नशील रहे हैं। वह सोमवार को कस्बा स्थित जेडी कान्वेंट स्कूल के संस्थापक डा. अवधराज मौर्य के पुण्यतिथि मौके पर विद्यालय परिसर में आयोजित समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पेशे से चिकित्सक रहे डा. मौर्य इस पिछड़े इलाके में विद्यालय की स्थापना करके समाज को मजबूती देने का कार्य किया है। इलाके में यह विद्यालय निरंतर प्रगति करते हुए सभी संसाधनों से लैस हो गया है। इसके पहले विधायक रमेश मिश्र को विद्यालय के प्रबंधक पत्रकार इन्द्रजीत सिंह मौर्य, शिक्षक नेता डॉ चंद्रजीत मौर्य व प्रिंसिपल गीता

मौर्य ने स्मृति चिन्ह और सम्मान स्वरूप शाल भेंट कर विधायक को सम्मानित किया। विधायक श्री मिश्र ने संस्थापक के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य आँशु सिंह, आचार्य कृष्ण मुरारी मौर्य, जगदम्बा प्रसाद पांडेय, शांतिभूषण मिश्र, पत्रकार यूसुफ खान, मोहम्मद अरशद, प्रधान चंद्रेश राजभर, राकेश राजभर, कृष्णदत्त मौर्य पप्पू, डा. शिवदत्त मौर्य, संजय मिश्र, करंजाकला ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष बृजेश मौर्य, इम्तियाज अहमद कुल्लूर, मोहम्मद नसीम गुड्डू समेत अन्य लोग शामिल रहे। अंत मे डॉ चन्द्रजीत मौर्य ने उपस्थित जनों का आभार जताया।

बदलापुर का सवार्गीण विकास मील का पत्थर: विधायक- खेतासराय (जौनपुर)। बदलापुर के भाजपा विधायक रमेश कुमार मिश्र ने कहा कि बदलापुर में चौतरफा विकास हुआ है। विकास कि सभी योजनाओं की नदिया यहां बह रही है। बदलापुर नदियों के मध्य में है, अब इसे जिला बनाने के लिए मूर्त रूप दिया जाएगा। वह जेडी कान्वेंट स्कूल परिसर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नगर निकाय चुनाव में भी पार्टी जनपद में जीत दर्ज करेगी। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नही है। सूबे में सुशासन का राज है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरे देश के लिए नजीर है।

भाकियू के पदाधिकारियों ने क्रय केंद का किया निरीक्षण

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। नगर स्थित सब्जी मंडी में संचालित राजकीय धान खरीद केंद्र पर भारतीय किसान यूनियन प्रदेश महा सचिव प्रह्लाद सिंह के साथ यूनियन पदाधिकारियों ने क्रय केंद्र पर

पहुचकर निरीक्षण किया वही पाया गया कि इस क्रय केंद्र पर 408 किसानों को टोकन जारी किया गया जबकि दिसम्बर माह तक मात्र 72 किसानों से खरीद की गई है वही अहरौरा में ही संचालित दूसरे क्रय केंद्र की हालत बद से बदतर है इस केंद्र पर 350 किसानों के सापेक्ष में मात्र 52 किसानों से खरीद की गई है साथ भुगतान की स्थित खराब मिली घटतौली की शिकायत की परख करते हुए प्रदेश महासचिव ने किसान का धान कांटे पर रखकर जांच की जो सही पाया गया रजिस्टर का भी मिलान करते कितने किसानों कितनी खरीद की गई है उसका बारीकियों से रजिस्टर से मिलान कराया गया इस मौके पर किसानों के प्रतिनिधि मंडल में सामिल रहे जिलाध्यक्ष कंचन सिंह फौजी रामसूरत स्वामीदयाल रामराज कालेन्द्र सिंह विजय अशोक कुमार महेश संकठा चन्द्र केश शिवदत्त दीपक मौजूद रहे।

संक्षिप्त खबरें

एसपी ने अचानक बैंकों का किया निरीक्षण

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। जिले में हो रही चोरी छिनैती सहित अन्य घटनाओं के मद्देनजर आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा गाजीपुर शहर में महुआबाग स्थित आईसीआईसीआई बैंक तथा कोतवाली स्थित एसबीआई की मुख्य शाखा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैंकों में विभिन्न प्रकार के सुरक्षा इंतजाम का जायजा लिया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बैंकों के अधिकारियों से सुरक्षा संबंधित किए गए इंतजाम के बारे में जानकारी ली गई तथा वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरे की क्वालिटी तथा उनकी स्थिति एवं बैंकों की सुरक्षा कर रहे सुरक्षा गार्डों से सुरक्षा संबंधित जानकारी ली गई साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया गया।

शंकराचार्य स्वामिश्रीः आविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज के प्रथम काशी आगमन पर पूरे नगर में हुआ भव्य ऐतिहासिक स्वागत

प्रखर दानगंज वाराणसी। 17 दिसम्बर दिन शनिवार को पूज्यपाद अनंतश्री विभूषित जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामिश्रीः आविमुक्तेश्वरानंदः सरस्वती जी महाराज के प्रथम काशी आगमन पर विभिन्न संस्थाओं और काशीवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। बाबतपुर में प्रथम स्वागत 12:30 बजे आयुष राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र जी और सैकड़ों भक्तों ने किया अभिनंदन स्वागत व किया आशीर्वाद। द्वितीय स्वागतः- 1बजे, हरहुआ (भटौली) में गोकुलधाम पर कृष्णा राय"पण्डागुरु" ने सौकड़ों लोगो संग स्वागत व अभिनंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

चोलापुर ब्लॉक में कोटेदारों का नया अध्यक्ष चुनने को लेकर मीटिंग रखा गया

प्रखर दानगंज वाराणसी। चोलापुर ब्लॉक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के दुकानदारों का एक मीटिंग रखा गया था जिसमें चोलापुर ब्लाक में नया अध्यक्ष चुने जाने के संबंध में दर्जनों की संख्या में जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्रा (इलाका गुरु) के यहां मांग किया गया कि चोलापुर में पिछले कई सालों से अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ था इस बार ऐसे अध्यक्ष को चुने जाने का प्रयास किया जा रहा है जो अध्यक्ष कोटेदारों का हक और लड़ाई दोनों अच्छी तरह से निभा सके इसमें कई नया पंचायत से कोटेदार उपस्थित हुए राहुल चौबे रविंद्र कनौजिया स्वतंत्र चौबे किशोरी लाल यादव बंसराज राजभर रामजी राम प्रेमा देवी सविता देवी संध्या चौबे मनीष चौहान ध्यान दास सूरज राम विकास राजकुमार प्रदीप सिंह कोटेदारों इस बार नए अध्यक्ष को चुने जाने की उत्सुकता को देखते हुए कोटेदारों ने जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव मिश्रा और प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी से मांग किया गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं नें बिलावल भुट्टो का फूंका पुतला

प्रखर डोभी जौनपुर। बीते दिनों पाकिस्तान के विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो नें भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर यूएन में संबोधन के दौरान असंसदीय टिप्पणी की थी जिसे लेकर पूरे देश में भाजपा कार्यकताओं द्वारा बिलावल के खिलाफ आक्रोश व प्रदर्शन जारी है । इस कड़ी में सोमवार को दोपहर डोभी मंडल के भाजपा नेताओं के आवाह्न पर जुटे लोगों नें मंडल अध्यक्ष संजय पाण्डेय के नेतृत्व में गांधी पार्क में एकत्र होकर निंदा प्रस्ताव पारित करते हुए पाकिस्तान के विदेशमंत्री बिलावल भुट्टो का पुतला दहन किया। निंदा सभा को वरिष्ठ भाजपा नेता रामप्रकाश सिंह , वारीन्द्र पाण्डेय , संजय पाण्डेय आदि नें संबोधित किया । भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की तुलना दुर्दांत आतंकी ओसामा बिन लादेन से किए जानें की कड़ी भर्त्सना करते हुए वक्ताओं नें कहा की खुद के देश में सुई भी नही बना पाने वाला देश पाकिस्तान विश्व में कटोरा लेकर भीख मांग रहा है । विश्व को शांति का राह बताने वाले भारत देश व उसके मुखिया के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी किसी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी । इस अवसर पर देवेंद्र सिंह दादा , त्रिभुवन सिंह , महामंत्री पंकज सिंह , राम आशीष सिंह , अनिल कुमार पाण्डेय , संजय गुप्ता , प्रधान चंद्रिका यादव , देवेंद्र डूबे , आशू चौबे , कमलेश गुप्ता , सुवास सिंह , ब्रम्हदेव सिंह , टीटू सिंह , राजेश उर्फ पिंटू सिंह , अभिषेक गुप्ता , गोरख कन्नोजिया , महिला मोर्चा की अध्यक्षा बीना सिंह , शिवाजी सिंह , रामआशीष सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे । कार्यकताओं नें बिलावल भुट्टो का पुतला गाजीपुर रोड से निकाल कर चंदवक चौराहे पर दहन किया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट https://prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं